हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 27.4 डिग्री

न्यूनतम 11.4 डिग्री



शहीदी दिवस पर सिख समाज ने निकाली रैली



# जैन प्लाजा में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**बिलासपुर।** सीएमडी चौक स्थित जैन प्लाजा में शुक्रवार की रात 9 बजे धूंआ उठने लगा, लोग कुछ समय पाते इसे पहले आग अचानक विकराल रूप ले ली। जिसके बाद आसपास अफरा तफरी मच गई।

सीएमडी चौक के पास जैन प्लाजा में एक डॉक्टर का क्लीनिक संचालित है। रात 8 बजे संचालक ने क्लीनिक को बंद कर दिया था। इस दौरान प्लाजा की अन्य दुकानें संचालित थी। रात 9 बजे के आसपास क्लीनिक से धूंआ निकलता दिखाई दिया, इस दौरान दुकानदारों ने प्लाजा के मालिक को जानकारी दी और फायर ब्रिगेड से संपर्क किया गया। करीब आधे घंटें के बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया लेकिन इस दौरान क्लीनिक में रखे ज्यादातर सामान जलकर राख हो गए है। समाचार लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



## 3 दिन में तीसरी घटना

नीरज ट्रेडर्स के गोदाम में लगी आग, मौके पर पहुंची दमकल

# व्यापार विहार में लगी आग

व्यापार विहार में उस समय अतरा- तफरी मच गई जब व्यापार विहार स्थित नीरज ट्रेडर्स के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें और घना धुआं दूर -दूर तक उठता रहा, हालांकि दमकल पहुंचने के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है।

तारबहार थाना क्षेत्र के सबसे बड़े व्यापारिक क्षेत्र व्यापार विहार शुक्रवार की शाम 4 बजे एक दुकान में आग लग गई। बताया जा रहा है कि नीरज ट्रेडर्स का गोदाम है, दुकान और गोदाम एक ही जगह पर है और इसके संचालक अश्वनी मोटवानी है। गोदाम में जनरल स्टोर व कॉस्मेटिक सामानों का भंडारण किया जाता है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शार्ट सर्किट की वजह से गोदाम में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। साथ ही पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा, इस दौरान भीड़ को नियंत्रित किया गया, हालांकि इस दौरान हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। दमकल कर्मियों द्वारा लगातार 3 घंटे तक पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया। आसपास स्थित अन्य गोदामों और दुकानों को एहतियातन खाली कराया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



घटनास्थल पर लगी व्यापारियों की भीड़।



गोदाम में लगी आग।

### नुकसान का आंकलन नहीं

गोदाम में लाखों का माल रखा गया था, लेकिन आग के कारण कितने का माल जलकर खाक हो गया है, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सका है। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने में जुटी रही। प्रशासन ने मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### फायर स्टेशन की मांग

आसपास के व्यापारियों ने बताया कि व्यापार विहार प्रदेश का सबसे बड़ा व्यापारिक क्षेत्र है। यहां रोजाना 300 से अधिक ट्रक आते हैं और रोजाना करोड़ों का व्यवसाय होता है। व्यापारियों ने दो साल पहले जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से फायर स्टेशन बनाने की मांग की थी लेकिन फायर स्टेशन अबतक स्वीकृत नहीं हो सका है। यही कारण है कि हर साल आगजनी में लाखों का माल जलकर खास हो रहा है, किसी दिन बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है।



# ट्रेन की टक्कर से तेंदुए की मौत

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर-कटनी सेक्शन के बीच ट्रेन की टक्कर से तेंदुए की मौत हो गई। इसके कारण मालगाड़ी करीब एक घंटे तक मौके पर खड़ी रही। रेलवे के अनुसार बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच भनवारटंक स्टेशन के बाद अनूपपुर और जैतहरी तक घना जंगल है, जहां बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्यप्राणियों का विचरण होता है। कभी-कभी वन्यप्राणी भटकते हुए रेल लाइन पर आ जाते हैं, जिसकी वजह से ट्रेन की टक्कर से उनकी मौत हो जाती है। इस तरह की घटनाएं कई बार हो चुकी है। अगल-बगल में बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण चालकों को भी ट्रेन परिचालन में परेशानी होती है।

इसी तरह की घटना शुक्रवार की सुबह डिवीजन के अनूपपुर और जैतहरी रेलवे स्टेशन के बीच हुई, जहां बेलिया रेल क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर एक तेंदुए की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई। तेंदुए की मौत के कारण मालगाड़ी के सामने लगे इंजन का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। चालक ने तत्काल ट्रेन को नियंत्रित कर दिया, जिसके कारण मालगाड़ी करीब आधे घंटे से 45 मिनट तक खड़ी रही। स्थानीय निवासियों ने रेलवे ट्रैक पर तेंदुए का शव देखकर सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया। विभाग की ओर से बांधवगढ़ से तेंदुए का पोस्टमार्टम करने के लिए टीम बुलाई गई है, जिसके उपरांत अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सर्वधर्म सेवा समिति की शाही चादर रैली आज

**बिलासपुर।** सर्वधर्म सेवा समिति द्वारा हर साल की भांति इस वर्ष भी 27 दिसंबर शनिवार को शाम 4 बजे ख्वाजा गरीब नवाब की शाही चादर रैली निकाली जाएगी। समिति के अध्यक्ष रामचंद्र हिरवानी ने बताया कि यह रैली गांधी चौक से हटरी चौक, गोल बाजार सिम्स चौक होते हुए पुलिस लाइन पहुंचेगी। इसमें अजमेर शरीफ, दिल्ली, हरिद्वार, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, नागपुर, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र, मुंबई, उत्तरप्रदेश सहित अन्य जगहों की 201 चादर पेश की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त शाही चादर शहरवासियों की एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे एवं छत्तीसगढ़ के अमन चैन एवं सुख शांति के लिए कामना की जाएगी।

### भक्त कंवर राम नगर सिंधी कॉलोनी में पौधरोपण आज

**बिलासपुर।** स्व आसन दास हिंदूजा एवं स्व. डा. केडी. लालचंदानी व कमला देवी लालचंदानी की स्मृति में सिंधु जनजागरण समिति द्वारा 27 दिसंबर को भक्त कंवर राम नगर सिंधी कॉलोनी में पौधरोपण किया जाएगा। यह पौधरोपण सुबह 10 बजे से पूज्य सिंधी पंचायत भवन के नजदीक किया जाएगा। पूज्य पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम लालचंदानी एवं सिंधु जनजागरण समिति के अध्यक्ष हरिकिशन गंगवानी, संतोष क्षत्रिय, कालू व मनीष गुरवानी ने समाज के लोगों इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### भू-अर्जन हेतु समाघात दल ने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** कोटा तहसील के ग्राम अमाली में नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। दल ने ग्राम अमाली में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि अमाली गांव में भू-अर्जन से 0.80 एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है जिसका समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है।

### लड़कियों को करता था परेशान, जेल दाखिल

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया साइट का उपयोग कर जान पहचान की लड़कियों के नंबर वायरल करने वाले आरोपी पर सरकंडा पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है। आरोपी को पकड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि मुलमुला जांजगीर निवासी आशुतोष उपाध्याय पिता नरेन्द्र उपाध्याय उम्र 35 वर्ष द्वारा लड़कियों की फोटो का उपयोग कर फेसबुक में डालकर मोबाइल नंबर सार्वजनिक करता रहा है, इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, जिसपर पुलिस ने उसे जेल दाखिल किया है।

# सीएमएचओ ने बनाई टीम जल्द पेश की जाएगी रिपोर्ट

**बिलासपुर।** अपोलो अस्पताल में प्रसव पीड़िता महिला के साथ बरती गई लापरवाही और नवजात की मौत का मामला तूल पकड़ चुका है। कलेक्टर के निर्देश के बाद सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने टीम गठित कर दी है। इस मामले में जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है।

दरअसल बुधवार को विनोबा नगर निवासी पीहू अग्रवाल पति भास्कर नालोटिया अग्रवाल को प्रसव के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान परिजनों के बार-बार बोलने के बाद भी अपोलो प्रबंधन ने लापरवाही बरती और इस दौरान नवजात की मौत हो गई थी। परिजनों ने अपोलो अस्पताल को आड़े हाथों लिया है और इसकी शिकायत कलेक्टर और एसपी से भी की गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने मामले की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम गठित कर दी है, जिसमें अध्यक्ष के तौर पर मेडिसीन डॉ अनिल गुप्ता व सदस्यों के तौर गायनोलॉजिस्ट डॉ कृष्णा मित्तल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रविन्द्र बागड़े, और रेडियोलॉजिस्ट डॉ सीबी मिश्रा को शामिल किया गया है। टीम आने वाले दो से 3 दिनों में तथ्यों के आधार पर जांच रिपोर्ट सौंपेगी।



नवजात की मौत से हंगामा, जांच के आदेश

हरिभूमि में 25 दिसंबर को प्रकाशित खबर।

**नवजात की मौत का मामला**

- अपोलो प्रबंधन पर लगा है लापरवाही का आरोप।
- परिजन सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल से की सख्त कार्रवाई की मांग

### परिजनों ने की मुलाकात

मामले में परिजनों ने शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर मामले में संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें जांच कर उचित कार्रवाई की बात कही है।

### बनाई गई है जांच टीम

मामला गंभीर होने की वजह से जांच टीम बनाई गई है। जिसमें जिला अस्पताल में 4 डाक्टरों को जांच के आदेश दिए गए हैं। जल्द ही रिपोर्ट सामने आएगी।

- डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ

## पीपरतराई धान खरीदी केंद्र का मामला

# गुणवत्ताविहीन धान की खरीदी, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभागीय कमिश्नर व कलेक्टर के द्वारा शुक्रवार को जिले की कुछ सहकारी समितियों में धान खरीदी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोटा ब्लॉक के पीपरतराई धान खरीदी केंद्र में औसत से कम गुणवत्ता वाले धान की खरीदी होने एवं खरीदी के बाद की गई खराब स्टेकिंग को लेकर उन्होंने जांच के निर्देश दिए हैं।

राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी को लेकर समिति स्तर पर किसी भी तरह की कमियां एवं अव्यवस्थाओं का पता लगाने संभाग एवं जिलाधिकारियों का भी मौके पर निरीक्षण किया जाना है। इसी के मद्देनजर संभागीय कमिश्नर सुनील जैन एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को कोटा विकासखण्ड के पीपरतराई धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औसत गुणवत्ता से कम दर्जा वाले धान की खरीदी करने का मामला सामने आया है। संभागीय कमिश्नर श्री जैन ने वहां की व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की और खाद्य विभाग से इसकी जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के द्वारा किसानों की सुविधा के लिए भी किसी प्रकार का इंतजाम नहीं होना पाया गया। धान की खरीदी के बाद बोरियों को बेहतर ढंग से छल्ली लगाकर रखा जाना है, लेकिन केन्द्र में धान की स्टेकिंग भी सही तरीके से नहीं की गई थी। इन्हीं अव्यवस्थाओं के चलते समिति की जांच के लिए खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने धान बेचने पहुंचे कुछ किसानों से भी चर्चा की और अच्छी तरह से सुखाकर और साफ-सुथरा धान लाने का आग्रह भी किया।

निरीक्षण में अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, उपायुक्त विकास एचएस चौहान, एसडीएम नितिन तिवारी, तहसीलदार श्री राठौर उपस्थित थे।

**संभागीय कमिश्नर व कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण**






## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण व आटोनामस के खिलाफ छात्र संगठन का प्रदर्शन




बिलासपुर। कालेजों को आटोनामस किए जाने और स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के खिलाफ छात्र संगठन एआईडीएसओ द्वारा शुक्रवार को नेहरू चौक पर प्रदर्शन किया गया और कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। छात्रों का कहना है कि शिक्षा की हालत दयनीय है और बिलासपुर जिले में चार ही शासकीय कालेज है जिनमें दो कालेज पहले से ही आटोनामस है, जहां अन्य आटोनामस कालेज की तरह छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ जा रहा है। हाल ही में बिलासा गर्ल्स कालेज में प्रत्येक विषय में 400 रुपए की फीस वृद्धि की गई है। सरकार को शिक्षा का पूरा खर्च उठाना चाहिए। लेकिन सरकार शिक्षा से अपना पल्ला झाड़ रही है, जिसकी वजह से अन्य दो कालेज को भी आटोनामस करने की साजिश किया जा रहा है, साथ ही सरकारी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, लैब लाइब्रेरी हास्टल नई किताबें आदि मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसी तरह राज्य में 4595 स्कूल के भवन जर्जर होकर टूट रहे हैं। 5393 सरकारी स्कूल केवल एक ही शिक्षक के भरोसे हैं जबकि 610 स्कूल शिक्षकविहीन है। सरकारी शिक्षण संस्थान किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। इस प्रदर्शन में सूरज साहू, त्रिलोचन साहू, डारेन्द्र साहू आदि शामिल रहें।

### शासकीय माता शबरी महाविद्यालय में मनाया गया शहीद वीर बाल दिवस



बिलासपुर। शासकीय माता शबरी महाविद्यालय में 26 दिसंबर को शहीद वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शशिकला सिन्हा ने वीर बाल दिवस पर वीरों के बलिदान पर अपने विचार रखे। इस दिवस पर आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका साहू, द्वितीय सेजल श्रीवास, तृतीय चॉदनी चौरसिया रही। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम निक्की पटवा, द्वितीय निधि पाली, तृतीय मुस्कान मोर्य, कविता प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान मोर्य, द्वितीय प्रभा मानिकपुरी, तृतीय नंदिनी साहू, कुर्सी दौड में प्रथम प्रभा मानिकपुरी, द्वितीय सेजल श्रीवास, तृतीय इसिता केंवट, रस्सी दौड में प्रथम सेजल श्रीवास, द्वितीय प्रियंका साहू, तृतीय नंदिनी साहू रही। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.शोभा महिस्वर ने किया एवं धन्यावाद ज्ञापन डॉ.अर्चना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ.डी.के.शुक्ला,डॉ.आर.के. पटेल,राजकुमार, रश्मि, सालिकराम, पुर्णिमा, पुष्पेन्द्र, भरत, चित्ररेखा, अल्का, निलेश्वरी,अकलेश, सौरभ, सविता दिलीप आदि मौजूद थीं।

### भरनी में प्रदेश स्तरीय गुरू घासीदास जयंती महोत्सव का समापन



बिलासपुर। भरनी परसदा में 18 दिससंबर से प्रारंभ तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय गुरू घासीदास जयंती महोत्सव का समापन हो गया। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष उमादत्त घिलहरने बताया कि इस महोत्सव में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के विधायक निधि से प्राप्त 20 लाख रुपए की लागत से बनाई गई बाउंड्रीवाल का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक श्री सिंह से मेला स्थल भरनी में बाउंड्रीवाल निर्माण, हर साल मेला आयोजन करने 20 लाख रुपए शासन से स्वीकृत कराने, मेला स्थल परसदा से धान मंडी का कब्जा हटाने, मेला स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ रुपए शासन से स्वीकृत कराने की मांग की गई। जिस पर विधायक धर्मजीत सिंह ने उक्त मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया है। इसमें विधायक धर्मजीत सिंह, पुन्नूलाल मोहले, विधायक देवेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। इस दौरान राजेश सूर्यवंशी, ललित संतोष कश्यप, माधवी संतोष वस्त्रकार, भारतीय नीरज माली, महेन्द्र गंगोत्री, संतोष कौशिक, राकेश तिवारी, रवि मेहर, लक्ष्मी खांडे, चंद्र प्रभा, पाचो बाई, सुनील लहरे आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में पंथी नृत्य कलाकारों ने अपने नृत्य कला से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इन कलाकारों को समिति की ओर से नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

### अयोध्या नगर विकास समिति के उपाध्याय अध्यक्ष व शर्मा उपाध्यक्ष

बिलासपुर। अयोध्या नगर विकास समिति वार्ड क्रमांक 19 के नए पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध कराया गया।



इसमें चंद्रकांत उपाध्याय को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं सुरक्षक सुभाष दत्त झा, धर्म प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार चंद्राकर, सचिव भरत कुमार निर्मलकर, सह सचिव प्रतीक तिर्की, अभिषेक पाण्डेय, संगठन सचिव डा. भूपेन्द्र धर दीवान चुने गए। वरिष्ठ सलाहकार ऋषभ कुमार, मनहरण लाल वर्मा, भागबली निर्मलकर, डा. डाहिरे, प्रदीप कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश यादव, नित्यानंद शर्मा, एसडी खुटले, जे लकड़ा, चुने गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में विजय सिंह ठाकुर, जेएन एस सोलंकी, एयएन दीक्षित, टीएस पैकरा, रमेश कुमार कोरी, हेमंत कुमार सिंह, सरदार बलबीर सिंह आदि शामिल हैं।

### डुमार समाज विकास समिति बापू उप नगर के सुजीत अध्यक्ष चुने गए

बिलासपुर। डुमार समाज विकास समिति बापू उप नगर का सुजीत बेरिया को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। 21



दिसंबर रविवार को डुमार समाज विकास समिति बापू उप नगर के अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों के बीच चुनाव हुआ। जिसमें कुल 628 मत पड़े। 406 मत सुजीत बेरिया को एवं 189 मत राजेन्द्र समुन्द्रे को मिला। 33 मत अवैध घोषित किए गए। इस प्रकार चुनाव अधिकारी द्वारा सुजीत बेरिया को 217 वोट से विजयी घोषित किया गया।

नए बोर्ड परीक्षा केंद्रों में से 24 प्राइवेट सेंटरों को बदला गया | 4 किमी के दायरे में शासकीय स्कूल नहीं होने पर वहां केंद्र बनाने की छूट

# निजी स्कूलों में नहीं होगी परीक्षा, अब 10वीं-12 वीं के लिए सरकारी स्कूल होंगे केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में बोर्ड परीक्षाओं की पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। शिक्षा विभाग ने परीक्षा संचालन को अधिक व्यवस्थित और नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से तय किया है कि 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब परीक्षा केंद्र सिर्फ सरकारी स्कूलों में ही बनाए जाएंगे।

निजी स्कूलों के परीक्षा केंद्रों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उन्हें सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। हालांकि जिन क्षेत्रों में 3-4 किलोमीटर के दायरे में कोई शासकीय स्कूल उपलब्ध नहीं होगा, वहां नजदीकी निजी स्कूल को अस्थायी रूप से परीक्षा केंद्र बनाए जाने की छूट दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार सरकारी स्कूलों में परीक्षा केंद्र होने से निगरानी, सुरक्षा और प्रशासनिक नियंत्रण अधिक मजबूत रहेगा। परीक्षा के दौरान अव्यवस्थाओं और नकल जैसी शिकायतों पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जहां भी अभी निजी स्कूलों में परीक्षा केंद्र संचालित हैं, उन्हें जल्द ही हटाकर सरकारी स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में इस बार 10 वीं कक्षा में 31 हजार और 12 वीं में 26 हजार के करीब छात्र परीक्षा में शामिल हो रहें हैं।

**फैक्ट फाइल**

| | | |
|---|---|---|
| **10 वीं कक्षा की स्थिति** | | |
| कुल छात्र लगभग | - | 31,405 |
| सरकारी स्कूलों में छात्र | - | 19,071 छात्र |
| प्राइवेट स्कूलों में छात्र | - | 12,334 छात्र |
| **12वीं कक्षा की स्थिति** | | |
| कुल छात्र लगभग | - | 26,468 |
| सरकारी स्कूल | - | 15,200 छात्र |
| प्राइवेट स्कूल | - | 11,268 छात्र |

**जिले में ऐसे तीन ही स्कूल**




ज्ञात हो कि जिले में ऐसे तीन ही प्राइवेट स्कूल है जहां की बोर्ड परीक्षाओं के तेन्द्र बनाए जाते थे। इसमें नेवसा स्कूल, सीतादेवी नवागांव सीपत और खम्हरिया हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में अलग से बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाती थी। अब इनकी जगह तीन नए सरकारी परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था कक्षों की उपलब्धता, निगरानी और निरीक्षण प्रणाली का पूरा प्रबंध शिक्षा विभाग खुद करेगा। हालांकि जिन क्षेत्रों में दो किलोमीटर के दायरे में कोई सरकारी स्कूल उपलब्ध नहीं है या जहां सरकारी स्कूलों में व्यवस्था संभव नहीं है। वहीं निजी स्कूलों के बारे में विचार किया जाएगा।

**प्राइवेट स्कूलों में मिली थी गड़बड़ी की शिकायत**

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कई प्राइवेट स्कूलों में परीक्षा के दौरान अनियमितताओं और प्रबंधन में गड़बड़ी की शिकायतें मिलती रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर पूर्ण विराम लगाया जा सके।

**रिपोर्ट बनाने कहा गया**

स्कूल शिक्षा विभाग की पिछले दिनों हुई बैठक में इस बात पर चर्चा हुई है। जिलेवार व्यवस्था देखने और रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। बिलासपुर में तीन प्राइवेट स्कूल ऐसे हैं जहां बोर्ड के केन्द्र बनाए जाते थे।

– **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

वीर बाल दिवस पर चार साहबजादों की स्मृति में घटनाक्रम पर निर्मित फिल्म का प्रदर्शन

# गुरू गोविंद सिंह के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा द्वारा स्व.लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में श्री गुरू गोविंद सिंह के साहिब जादो के शौर्य का स्मरण करने वीर बाल दिवस मनाया गया।

इस दौरान चार साहबजादों की स्मृति में घटनाक्रम पर निर्मित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। गुरूद्वारा गोड़पारा के मुख्य ग्रंथी सोहन सिंह ने औरंगजेब के जमाने में उनके पास सत्ता थी, ताकत थी, ऐसे लोगो के सामने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने पर शहादत देनी पड़ती थी। सच्चाई पर चलने वाले व्यक्ति को अपने जीवन का बलिदान देना पड़ता है। मुगलकालीन शासन में जो सत्ता में होते वे अपने को सर्वोच्च घोषित कर लोगो पर जुल्म करते, किंतु गुरू नानक देव से लेकर गुरू गोविंद सिंह तक किसी ने भी अपने को ईश्वर के रूप में स्थापित नहीं किया। रिंकू सिंह भाटिया ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह ने सिखो को जो बल दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता। सरदार मंदीप सिंह गंभीर ने कहा कि अपने धर्म के पक्के रहो अपने धर्म से प्रेम करो और दूसरे धर्म का सम्मान करो। सरदार दिलीप सिंह ने कहा कि भारत लंबे समय तक गुलामी के जंजीरों से जकड़ा रहा है। इस समय गुरू नानक साहब ने लोगो को मानव अधिकारों के लिए जागृत किया।

कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदीप कौशिक, अजीत सिंह भोगल, गौरी गुप्ता, डिम्पल उपवेजा, सोमेश तिवारी, महावीर सिंह, रविंदर सिंह खनूजा, सोहन सिंह, मंदीप सिंह गंभीर, ज्ञानी सोहन सिंह, दिलीप सिंह, किशोर राय, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, पेंगनलाल वर्मा, रितेश अग्रवाल, चंदना गोस्वामी, स्नेहलता शर्मा, डॉ.ललित माखिजा, वैभव गुप्ता, घनश्याम कौशिक, दुर्गेश पाण्डेय, देवेश खत्री, शैलेन्द्र यादव, बबलु कश्यप, नीतिन छाबड़ा, विकास सलूजा, अमित सिंह, महर्शि बाजपेयी, कृश्ण कुमार कौशिक, रामू साहू, चंद्रप्रकाश मिश्रा, बलराम देवांगन, भृगु अवस्थी, मनोज वर्मा, सन्नी केशरी, ऋशभ शर्मा, संजय यादव सहित सिख समाज के बंधु एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अटल विश्वविद्यालय में विशेष संगोष्ठी



अटल बिहारी वाजपेयी विवि में आज वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को समर्पित एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति ने की। विशिष्ट अतिथि विक्की सिंह भाटिया, नेहा राटिया, नेहा यादव, मनोज सिन्हा, रेवा कुलश्रेष्ठा उपस्थित रहे। मंच संचालन आदित्य प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलपति ने गुरु गोविंद सिंह और उनके दोनों वीर साहिबजादों के अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए एक अत्यंत मार्मिक बात कही। उन्होंने भारत को जीवन मूल्यों का देश बताते हुए कहा कि साहिबजादों का बलिदान हमारे इन्हीं संस्कारों और नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए था। छात्र अनुराग चौबे ने साहिबजादों की वीरता को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत बताया। मुख्य अतिथि विक्की सिंह भाटिया ने कहा कि आज की यह संगोष्ठी गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान और उनके जीवन के उन महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित है, जो हमें धर्म और न्याय के मार्ग पर चलना सिखाते हैं। यह आयोजन डॉ. अंकुर शुक्ला की उपस्थिति में हुआ।

### कुलपति कक्ष के दरवाजे पर छात्रों ने किया विरोध

बिलासपुर। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि विनोद शुक्ल के निधन पर जहां शोक व्याप्त था और शहर में कवि कुमार विश्वास का कवि सम्मेलन स्थगित कर दिया गया। वहीं अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में कुल उत्सव अंतर्गत कवि सम्मेलन कराया गया, जिसका विरोध करते हुए छात्र प्रतिनिधियों ने शनिवार को अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति कक्ष के दरवाजे पर बेशरम का फूल चिपका दिया। अटल यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्र प्रतिनिधि सूरज सिंह राजपूत ने बताया कि हिन्दी साहित्य के गौरव ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ कवि विनोद शुक्ल के निधन से संपूर्ण प्रदेश शोक में डूबा हुआ है। उनके अंतिम संस्कार के अवसर पर पूरे प्रदेश में शोक की लहर व्याप्त थी। स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अनेक विशिष्टजनों ने उनकी अंत्येष्टि में सम्मिलित होकर कंधा दिया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी संवेदनशील समय में अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में कुलोत्सव के अंतर्गत कवि सम्मेलन एवं नृत्य प्रस्तुति जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना मानवीय संवेदनाओं के विपरीत रहा। जब पूरा प्रदेश शोकाकुल था तब यूनिवर्सिटी परिसर में हंसी-ठिठोली और मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## महिला कल्याण समाज एसईसीएल ने लिया पिकनिक भ्रमण का आनंद



बिलासपुर। महिला कल्याण समाज एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा 25 दिसंबर को समाज की 50 महिलाओं एवं बच्चों के लिए रायपुर जंगल सफारी एवं पुरखौती मुक्तांगन का एक दिवसीय पिकनिक भ्रमण सचिव माधुरी तिवारी के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने जंगल सफारी में वन्यजीवन का अवलोकन किया तथा पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति एवं कला से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने आनंद, उत्साह एवं आपसी सौहार्द के साथ यादगार समय व्यतीत किया। महिला कल्याण समाज का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## वर्तमान में राष्ट्र के समक्ष कई चुनौतियां: सचेदव



बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। जगह जगह विराट समागम और सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार को सिंधी कालोनी कस्तूरबा नगर बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन सिंधी कालोनी के सिंधी पंचायत भवन में आयोजित की गई। इसमें प्रमुख अभ्यागत आरएसएस के विभाग संघ चालक डा. राजकुमार सचदेव ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्र के समक्ष कई चुनौतियां हैं। सामाजिक जागरुकता एवं एकजुटता विशेष रूप से पंच परिवर्तन, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्यबोध को जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया गया। उन्होंने भारतीय संस्कृति में कुटुम्ब का विशेष महत्व बताया। परिवार में मैं से हम कि ओर कदम होना चाहिए। हमे परिवार की सहमति एवं स्वीकृति को ध्यान में रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि रमेश लालवानी एवं डा. संजना तिवारी ने अपने विचार रखे। डा. संजना तिवारी ने नारी शक्ति के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने देश की आधी आबादी महिलाओं के स्वास्थ्यगत समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए कुटुम्ब प्रबोधन को आत्मसात करने कहा।

सम्मेलन को मेयर पूजा विधानी, डा. विनोद तिवारी ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन प्रफुल्ल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर किशोर दयालानी, परमानंद, माखीजा, विजय यादव, आयुष माणिक, आजाद, गिरीश तिवारी आदि मौजूद थे।



शिखा सिल्क्स
स्थान: एन 6, श्रीराम न्यू क्लॉथ मार्केट, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
Ph.: 07752-310753, 754 | +91 9981531694
वसंत साड़ी सेंटर
संबंधित संस्थान वसंत साड़ी सेंटर,
सदर बाजार बिलासपुर एवं वसंत साड़ी सेंटर
श्री प्लाजा अशोक नगर चौक सरकंडा

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## महासेनसूरी महाराज व साध्वी का 29 को शहर आगमन





**बिलासपुर।** आचार्य भगवंत परम्पूज्य महासेनसूरी महाराज और साध्वी का आगमन 29 दिसंबर को होने जा रहा है। सकल जैन समाज के द्वारा गुरु भगवंतो की आगवानी महाराणा प्रताप चौक,में बड़े धूमधाम से करने तैयारी की जा रही। श्री जैन श्वेतांबर संघ के संरक्षक विमल चोपड़ा एवं अध्यक्ष सुभाष श्रीमाल ने बताया कि आचार्य भगवंत परम्पूज्य महासेनसूरी महाराज साहब आदि ठाणा 4 और साध्वीजी आदि ठाणा 19 नागपुर में चातुर्मास संपन्न करने के पश्चात रायपुर से बिलासपुर की ओर बढे है, 29 दिसम्बर को सुबह बिलासपुर के महाराणा प्रताप चौक पहुंचने की पूर्ण संभावना है, आचार्य भगवंत पैदल विहार कर बिलासपुर से वाराणसी बनारस जाएंगे। विहार सेवा देने वाले संजय छाजेड़ ने बताया कि आचार्य भगवंत एवं साध्वी प्रतिदिन 15 से 18 किलोमीटर का पैदल चल रहे हैं, जो सुबह 5 बजे से प्रारंभ होता है। समाज के सदस्यो द्वारा भगवंतों की गोचरी– पानी की व्यवस्था का लाभ ले रहे। 27 दिसम्बर को आचार्य दौराभाटा में विराजमान रहेंगे। इस सेवा में प्रमुख रूप से लगातर संजीव चोपड़ा, छाजेड, तुषार मेहता, कुणाल भयानी, विनोद लुनिया, अभिनव डाकलिया, गौरव डाकलिया, प्रवीण कोचर, चंदन चोपड़ा, रूपेश गोलछा, संगीता चोपड़ा, सारंग चोपड़ा, अमित गोलछा एवं अन्य सकल जैन समाज के बड़ी संख्या में शामिल है।

# मैनपाट, चिल्फी घाटी इस न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए फेवरेट डेस्टिनेशन









**पर्यटन स्थलों के रिसोर्ट में नो रूम की स्थिति**

नए साल में लगभग हर कोई अपनी पसंदीदा जगह पर फैमिली, फ्रेंड्स के साथ आउटिंग पर जाना चाहता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की बात करें तो मैनपाट, चिल्फी घाटी इस न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए फेवरेट डेस्टिनेशन बने हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पर्यटन विभाग के अरूण शर्मा ने बताया कि नए साल को अपनों संग यादगार बनाने के लिए देशी विदेशी पर्यटकों के सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों में मैनपाट और चिल्फी घाटी प्रमुख हैं। इन दोनों ही जगहों पर बर्फ की चादर से ढंकी जमी, कोहरे का आकाश और ओस की टपकती बूंदों का मनोरम, प्राकृतिक दृश्य पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

नए साल-2026 के स्वागत में जश्न मनाने इनके अलावा प्रदेश के लगभग सभी पर्यटन स्थलों के रिसोर्ट बुक हो चुके हैं। सैलानियों के आंकड़ों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देशी-विदेशी सैलानियों की एडवांस बुकिंग के चलते पिछले 15 दिसंबर से आगामी 10 जनवरी तक सभी डिस्टिनेशंस में नो रूम की स्थिति बनी हुई है। सैलानियों को नए साल का यादगार सेलिब्रेशन का माहौल देने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने भी सजावट से लेकर भोजन तथा अन्य सुविधाओं को स्पेशल थीम में प्रेजेंट करने की पूरी तैयारी कर रखी है। नए साल का जश्न मनाने मैनपाट-चिल्फी घाटी फेवरेट डेस्टिनेशन बर्फ की जमीं-कोहरे का आकाश पर्यटकों को कर रहा आकर्षित कर रहा है।





### स्पेशल फूड मैन्यू में लोकल डिश का स्वाद

मैनपाट के स्थानीय व्यंजनों में तिब्बती व्यंजन और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी भोजन का मिश्रण मोमोस, थुप्पा, चीला, दिल गजोधर, फरा, आमत नए साल में सैलानियों को स्पेशल फूड मैन्यू में परोसा जाएगा। वहीं चिल्फी घाटी के लोकल व्यंजनों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे मुठिया, ठेठरी, लालभाजी और दाल-चावल सर्व किया जाएगा। दूसरे डेस्टिनी में भी वहां के लोकल फेवरेट डिश सैलानियों के लिए मैन्यू में शामिल किए गए है।

### रिसॉर्ट में मनोरंजन के लिए वीकेंड फोक डांस

पर्यटकों के मनोरंजन के लिए पर्यटन विभाग के होटल-मोटल, रिसॉटर्स कैंपस में छत्तीसगढ़ के विभिन्न फोक डांस, गीत-संगीत के आयोजन का प्रबंध किया गया है। जहां पर रात्रि के समय देशी-विदेशी सैलानी स्थानीय नृत्य, गीत-संगीत से जुड़ सकेंगे। इसके लिए स्थानीय कलाकारों को अप्रोच किया गया है। इससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलेगा और पर्यटकों का मनोरंजन भी होगा।

### इन डेस्टिनेशन के लिए सबसे ज्यादा बुकिंग

मैनपाट और चिल्फी घाटी के अलावा सरोदा दादर, कुरदर वैली, कबीर चबूतरा, टाटामारी-केसकाल घाटी, बार नवापारा अभयारण्य जैसे पर्यटन स्थलों के लिए नया साल मनाने सबसे ज्यादा बुकिंग की गई है। नए साल में इन जगहों पर देशी-विदेशी सैलानियों का तांता लगेगा। इन जगहों के होटल-मोटल व रिसॉट्र्स एडवांस में पहली बार बुक हो चुके हैं।

### ट्रेडिशनल थीम पर वेलकम डेकोरेशन

नए साल को लेकर प्रत्येक पर्यटन स्थल पर सैलानियों के स्वागत के लिए होटल-मोटल, रिसॉर्ट्स की साज-सज्जा, वहां के पारंपरिक रीति-रिवाज, रहन सहन और वातावरण के अनुरूप व्यवस्था की गई है। सजावट में छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवन, कला-संस्कृति, तीज-त्योहार, धर्म दर्शन को सुंदर तरीके से रंगोली, इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स और नेचुरल पेंटिंग्स, आकृतियों से डेकोरेट किया गया है।

कार्यक्रम

## हनुमान चालीसा अर्थ व प्रेरणा पर केंद्रित, लगाई गई प्रदर्शनी



**बिलासपुर।** हनुमान महापाठ समिति, साईं माउली परिवार एवं संस्कार भारती जिला इकाई बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान चालीसा अर्थ एवं प्रेरणा पर केंद्रित 45 चित्रों की अनुपम प्रदर्शनी का अनेक कला प्रेमियों ने अवलोकन किया। इस दौरान पीएन. कूड़े उप महाप्रबंधक एसईसीएल, सोमेश श्रीधर सीपत, विनोद मेघानी, देवी चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष कुर्मी चेतना मंच, अभय सिंह ठाकुर धर्म जागरण मंच के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं इस चित्रकारी हेतु दिलीप दिवाकर पात्रीकर एवं साधना गर्दे की तारीफ की। कार्यक्रम में राजकुमार पांडेय मंगला एवं समूह द्वारा प्रस्तुत सामूहिक हनुमान चालीसा के संगीतमयी पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजन में मनोज भंडारी, सुनील खंडेलवाल, संजय रजक, संजय बुधिया, नारायण आवटी, सुभाष अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, ललित पुजारा, चितरू अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, अनंत वाजपेई, सुरेश जाजोदिया, अशोक अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, रामावतार अग्रवाल, प्रवीण झा, राहुल वाजपेई, सुशील झांझड़िया, दीक्षा पात्रीकर, ऊषा त्रिवेदी, शोभा, किरण शर्मा, कौस्तुभी पालेकर, निराली शर्मा, अल्का गुप्ता, ईशान गुप्ता, आनंद का सहयोग मिल रहा है।

# ऑडिट,जीएसटी, वित्तीय प्रबंधन बदलते नियामक परिवेश पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान की बिलासपुर शाखा द्वारा आईसीएआई के सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के तत्वावधान में दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बिलासपुर शाखा के चेयरमैन सीए मनीष सखूजा के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं प्रशिक्षु छात्रों को नवीनतम पेशेवर विषयों, कराधान, ऑडिट, जीएसटी, वित्तीय प्रबंधन एवं बदलते नियामक परिवेश से अवगत कराना रहा। सम्मेलन में क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए तथा प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, नैतिक मूल्यों तथा सतत व्यावसायिक विकास पर विशेष बल दिया। सम्मेलन में आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीए डी प्रशन्ना कुमार, एसईसीएल के प्रबंधक (वित्त) डी सुनील कुमार,सीआईआरसी के अध्यक्ष सीए अंकुर गुप्ता, उपाध्यक्ष सीए दिनेश अग्रवाल सहित,रायपुर, भिलाई , रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, नैला चांपा सहित पुरे देश भर से बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

■ आईसीएआई की शाखा द्वारा दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन

कार्यक्रम में दूसरे दिन जयपुर से आए सीए श्याम लाल अग्रवाल ने अंकेक्षण के सिद्धांतों, नागपुर से आए सीए नरेश जाखोटिया ने ट्रस्ट के प्रावधानों एवं दिल्ली से आए सीए कपिल गोयल ने आयकर सर्वे में घोषित आय प लगने वाले कर प्रावधानों पर प्रतिभागियों का गया वरदान किया। प्रतिभागियों ने सम्मेलन को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में शाखा के सचिव सीए उदय कांत चौरसिया ने इस सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम निदेशक दिनेश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक कमल बजाज, कार्यकारिणी सदस्यों मंगलेश पांडेय, प्रखर बंसल, अविनाश टुटेजा, मिली डे, पूर्व अध्यक्षों सुशील अग्रवाल,सुरेंद्र अग्रवाल, रामेंद्र माहेश्वरी,वीके खत्री, जी एम गुप्ता, विनोद मित्तल, आनंद अग्रवाल, राजुल जाजोदिया, ओम मोदी योगदान दिया।

# नव वर्ष की तैयारी में जुटा कानन पेण्डारी जू प्रबंधन

कानन पेण्डारी जू में नव वर्ष के आगमन से पहले ही तैयारियां शुरु कर दी गई है, जिसमें क्रिसमस यानि 25 दिसम्बर को छुट्टी के दिन से सैलानियों की भीड़ काफी बढ़ गई है। क्रिसमस की छुट्टी में कानन पेण्डारी जू में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या 5600 से अधिक थी, जिससे कानन प्रबंधन ने 96 हजार रुपए से अधिक का आय अर्जित किया है।



नव वर्ष का आगमन 5 दिन के बाद हो जाएगा। इससे पहले शहर के आसपास जहां कहीं भी न्यू ईयर का सेलिब्रेशन होता है वहां पर तैयारियां शुरू हो चुकी है। बिलासपुर से सबसे करीब 10 किलोमीटर में कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क है जहां पर हर साल न्यू ईयर पर सैलानियों की भारी भीड़ होती है। हर साल होने वाली भीड़ को देखते हुए कानन प्रबंधन ने पार्क में रंग रौगन और साफ–सफाई शुरू करा दिया है। वन्यप्राणियों के केज की बाउंड्रीवाल को खूबसूरत हल्के हरे रंग में पुताई कराई गई है। अभी काम जारी है। गार्डन वाले हिस्से में खरपतवार और अनावश्यक उग आई झाड़ियों की सफाई कराई जा रही है। इतना ही नहीं पर्यटकों के लिए चलने वाले सड़क पर गड्ढों को मुरम से भरा जा रहा है। ताकि भीड़ वाले समय में पर्यटकों को चलने में परेशानी न हो। दिसंबर का महीना शुरू होते ही शहर व ग्रामीण इलाकों में नए साल के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई है। अब लोग सेलिब्रेशन वाले स्थान पर पहले से जाकर यह देखने लगे हैं कि इस बार नया क्या होगा या फिर यहां आकर क्या नया करना है। क्रिसमस के दिन कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में सुबह से ही सैलानियों की काफी भीड़ रही। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोग कानन पेंडारी आकर मनोरंजन कर रहे हैं। सुबह से शाम 5 बजे तक कानन पेंडारी में 5600 अधिक सैलानी पहुंचे, जहां पूरा दिन जू गुलजार रहा। वन्यप्राणियों के केज में चहल–कदमी और उछल कूद करते वन्यप्राणियों ने भी पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया। व्हाइट टाइगर, लायन, लेपर्ड, भालू के साथ–साथ शाकाहारी चीतल, सांभर, नीलगाय व अन्य प्रजातियों के वन्यप्राणियों ने भी कुलांचे भरकर सभी का उत्साहवर्धन किया। रंग रोगन होने से खूबसूरती और बढ़ गई है। कानन पेण्डारी पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या 5656 रही, जिससे कानन पेण्डारी जू प्रबंधन ने 96 हजार 345 रुपए का राजस्व की कमाई की।

### बैटरी कार का सुधार



कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में मौजूद बैटरी कार की आवश्यक मरम्मत कराकर उसे न्यू ईयर के लिए तैयार किया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों से ज्यादा भीड़ इस बारे आने की उम्मीद प्रबंधन को है। क्रिसमस से 5000 से अधिक सैलानियों की भीड़ ने उन्हें न्यू ईयर के लिए अच्छा संकेत दिया है, इसलिए वे और मजबूती के साथ तैयारी में जुट गए हैं। प्रबंधन शीतकालीन छुट्टियां शुरु होने और क्रिसमस के बाद से कानन जू में भीड़ बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहा है।

धर्म-क्षेत्र

## बचपन की कहानी को भजन नृत्य के माध्यम से पेश किया



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल मंदिर में चल रहे चालीहा महोत्सव में 31 वें झूलेलाल धुनी का आयोजन कुकरेजा परिवार ने किया। इसमें तिल्दा से आए चिराग कलवानी ने संत शिरोमणि अमर शहीद भक्त कंवरराम साहब का स्वरूप धारण कर उनके बचपन की



कहानी को भजन व नृत्य के माध्यम से पेश किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल बाबा गुरमुख दास की फोटो पर पुष्प अर्पण, दीप प्रज्जवलित व आरती कर की गई। पुरुषोत्तम लाल सांई धाम के पीठाधीश्वर, हीरानंद महाराज, उनके पुत्र भागवत कथा प्रवक्ता आशुतोष महाराज अपने शिष्यों के साथ मुंबई महाराष्ट्र से विशेष रूप से झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में पहुंचे एवं सत्संग से भक्तों को निहाल किया। भगवान झूलेलाल की महिमा का वर्णन किया। संत सांई लालदास ने आए हुए संतों का स्वागत किया। बाबा गुरमुख दास सेवा समिति ने सम्मान किया। कुकरेजा परिवार ने संत सांई लालदास का सम्मान किया। श्रभ सांई ने भगवान झूलेलाल का छायाचित्र देकर आशीर्वाद दिया। अंत में पल्लो पाया गया। प्रार्थना की गई।

स्पोर्ट्स न्यूज

**सिख समाज, मुस्लिम, सोनकर, सुदर्शन समाज की टीम क्वार्टर फाइनल में, समापन 29 को**

# प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट स्पर्धा का सेमीफाइनल कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को हुए एक रोमांचक मैच में सिख समाज ने मनिहार समाज को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। आखिरी ओवर में जब सिख समाज को 13 रन बनाना था, आखिरी गेंद में सिख समाज के खिलाड़ियों ने अपना मैच जीता है। इस प्रकार सिख समाज, सोनकर समाज मुस्लिम समाज, सुदर्शन समाज की टीम क्वार्टर फाइनल मैच में अपनी जगह बना ली है। अगम हूरा ने सिख समाज की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। हूरा ने 15 गेंद में 40 रन बनाएं। क्वार्टर फाइनल में जो जीतेगा वही टीम सेमीफाइनल में खेलेगी। 28 दिसंबर को सेमीफाइनल मैच होगा। 29 दिसंबर को प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा।

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को प्री क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। कल क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे । जो टीम जीतेगी सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी।

### समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास

खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने पहुंचे भाजपा नेता विजय धर दीवान, प्रितपाल वाली, राजेश डिसूजा, सीनू राव, दिनेश देवांगन ने फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के प्रिंस भाटिया के प्रयास की सराहना की।

**ये रहे अतिथि :** प्रतियोगिता में आज अतिथि के रूप में नगर निगम उपायुक्त खजांची कुमार, पार्षद दिनेश देवांगन, राजेश डिसूजा, सीनू राव, रुपिन खंडूजा, डॉ अमित सोनी, डॉ रविंद्र सिंह अरोड़ा, नीरज माखीजा, अनुमनेश श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह शैलेश शर्मा, चरणजीत सिंह, जवाहर सराफ, संतोष साहू, अमर चौधरी, प्रितपाल वाली, विजयधर दीवान,साजिद, उमेश मौर्य, सिद्धू राव, प्रतीक तिवारी, अमितेश राय, नितिन छाबड़ा, श्रेष्ठ पाठक, पुष्पेंद्र दुबे, संजय मिश्रा, रिंकू बग्गा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।



### आज के मैच

27 दिसंबर को फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में चार क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे। जो चार टीम जीत दर्ज करेगी वह 28 दिसंबर को सेमीफाइनल मैच खेलेगी। 29 दिसंबर को फाइनल मैच के साथ समापन होगा।



# लखदातार वॉरियर्स, ब्लैक राइडर्स ने जीता मैच



अग्रोहा मित्र मंडल के द्वारा आयोजित मिनी स्टेडियम गांधी चौक में चल रहे अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने खेल मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैदान में बैलून छोड़कर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।

■ कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने की बल्लेबाजी

कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने मिनी स्टेडियम खेल मैदान में बल्लेबाजी करते हुए चौके और छक्के लगाएं। कलेक्टर संजय अग्रवालने अग्रोहा मित्र मंडल के द्वारा आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग की तारीफ की। अग्रोहा मित्र मंडल के द्वारा उनका सम्मान भी किया गया स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। पहले मैच में अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों की मौजूदगी में एवं उनके आशीर्वाद से मैच का शुभारंभ हुआ, मिनी स्टेडियम गांधी चौक में चार मैच खेले गए हैं। अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच लखदातार वारियर्स तथा राइजिंग स्टार के बीच खेला गया। जिसमें राइजिंग स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 51 रन बनाकर अपने विरोधी टीम को 52 रन का लक्ष्य दिया। लखदातार वॉरियर्स के खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आसानी से यह मैच अपने पाले में कर लिया इस टीम ने 6 विकेट से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विकल जाजोदिया को दिया। एक अन्य दो मैच में मिल्कयाना मास्टर्स की टीम ने खाटू श्याम चैंपियन को सात रनों से हराया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विकास बंसल को दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### नेवसा के 108 घरों में हुआ गायत्री महायज्ञ



**बेलतरा।** पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी के सूक्ष्म संरक्षण में बेलतरा के समीप ग्राम पंचायत नेवसा के 108 घरों में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। नारायण प्रसाद पाली स्वयं सेवक गायत्री परिवार ने बताया कि आयोजन समिति द्वारा पूर्व से ही तैयारी करके ग्रामीण भाई बहनों को अपने-अपने घरों में यज्ञ हेतु सहमति प्राप्त किया तथा यज्ञ संपन्न कराने हेतु बिलासपुर, तखतपुर, बिल्हा, सेंदरी, बेलतरा, सकरी, कर्रा, सेमरताल, निरतु, लचनपुर, पेंडरवा, लोखंडी एवं आसपास के गायत्री परिजनों की टोली ने 108 घरों में जाकर यज्ञ संपन्न कराया। उक्त कार्यक्रम में देव स्थापना, सामूहिक गायत्री महामंत्र जाप, मंत्र लेखन पुस्तिका की स्थापना, यज्ञ एवं संस्कार, युग साहित्य स्वाध्याय हेतु वितरण किया गया। संध्या शिव मंदिर में दीप महायज्ञ संपन्न हुआ जन्म शताब्दी वर्ष श्रद्धांजलि समारोह अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में छेदीलाल कश्यप अर्जुन कश्यप, टिंकू सुरेश बैसवाड़े, रामकुमार श्रीवास, नारायण प्रसाद पाली, शत्रुघ्न कश्यप, उधो राम प्रजापति, कृष्ण कुमार साहू, अमल श्रीवास्तव, डॉ गोपाल सिंह, संतोष कश्यप, सुनीता कश्यप ,कैलासा केवट, कांति कश्यप एवं परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

### तुलसी पूजन दिवस मनाया गया



**दगोरी।** गांधी चौक में साधक परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम रमेश सन्नाट व साथियों द्वारा हरिओम कीर्तन भजन किया गया। प्राचार्य कमल किशोर सन्नाट एवं समाज सेवी दशरथ सन्नाट द्वारा तुलसी पूजन महत्व, गुण, महत्व पर प्रकाश डाला गया। संचालन आभार हेमचंद्र सन्नाट द्वारा किया गया। इस अवसर उपस्थित प्रमुख गणमान्य नागरिक महिलाओ में दिलीप कुमार, ओंकार, रामेश्वर, श्याम सुंदर सन्नाट, रामकुमार, दिलेश कुमार, संजय, दीपक, शत्रुहन साहू, संतोष कौशिक, लालाराम, श्याम, राजेंद्र कौशिक खन्ना, संतोष, विजय, संजीव, राधेश्याम, अमरसिंह सन्नाट सहित सिया बाई, कृष्णा, राजकुमारी, गुलाबा, मुद्रिका, रामप्यारी, सहोदरा बाई, भूरी, रूखमणी, नर्मदा, आइसा, अनन्या, दिशु, आकाछा, अंकिता, आरती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शीतकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**दगोरी।** आदर्श क्रिकेट क्लब के सौजन्य से समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से लगातार 31 वे वर्ष शीतकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय शाला ग्राउंड में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर ग्राम सरपंच मथुरा भारद्वाज, ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, आयोजन समिति अध्यक्ष प्रदीप कौशिक, निषाद राज सरपंच बेसाखुराम निषाद, देवान लखन लाल निषाद, भुवनेशर वैष्णव, कौशल कौशिक, बिंदा यादव, आयोजन प्रमुख राधेश्याम साहू, कैप्टन संतोष पारकर, पवन सन्नाट, राम किशुन, राजकुमार, विजय कौशिक, दिल जायसवाल, सचिन सेन, राम भरोस निषाद, बडू साहू, दीपक साहू, पवन , पुनीत निर्मल कर, सहित आमंत्रित टीम के खिलाड़ी उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच में चूराघाट ने हिरी को 12 रन से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया।

घर के दरवाजे पर युवक को फेंककर फरार हो गए आरोपी

# आपसी रंजिश पर युवक का अपहरण कर मारपीट, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

रंजिश को लेकर बदमाशों ने 20 वर्षीय युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की, जिसमें युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेला वार्ड 13 निवासी 20 वर्षीय राजकुमार धुरी का शुक्रवार 26 दिसम्बर की दोपहर 3 बजे बदमाशों ने अपहरण कर लिया।

जानकारी के अनुसार, चार-पांच युवक कार में आए और पंजाब बैंक के पास से राजकुमार धुरी को बलपूर्वक बैठाकर ले गए। इसके बाद बदमाश युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट की, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद लगभग शाम 6 बजे बदमाशों ने राजकुमार धुरी को उसके घर के दरवाजे के बाहर फेंक कर फरार हो गए। राजकुमार को दर्द से बुरी तरह से तड़पते देखकर उसके परिजन तत्काल उपचार के लिए उसे स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन उपचार शुरू होने के पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया।



■ शिकायत दर्ज कराने गए परिजन को पुलिस ने लौटाया

चिकित्सकीय जांच में युवक के शरीर पर जगह-जगह डंडे से मारपीट के निशान पाए गए। मृतक के पिता बेनीराम ने बताया कि, गांव के ही किसी लड़के से राजकुमार का एक वर्ष पूर्व विवाद हुआ था। शायद इसी रंजिश को लेकर चार-पांच युवकों ने उसका अपहरण कर मारपीट की।

**ट्रेक्टर चलाने का काम करता था युवक**

राजकुमार के पिता बेनीराम ने बताया कि, उनका बेटा चिल्हाटी में रहकर ट्रेक्टर चलाने का काम करता था। वह बैंक के किसी काम से घर आया हुआ था, और काम होने के बाद वह वापस चिल्हाटी लौटने वाला था। लेकिन आरोपियों ने उसके साथ बहुत बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है।

**पिता को पुलिस ने वापस लौटाया**

युवक के अपहरण के बाद के बाद उसके माता और पिता जरहागांव थाने रिपोर्ट लिखाने के लिए गए, लेकिन थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने रिपोर्ट लिखने के बजाए उन्हें वापस लौटा दिया। यदि पुलिस रिपोर्ट लिखकर समय पर छानबीन शुरू कर दी होती, तो शायद रामकुमार धुरी की मृत्यु नहीं होती।

**जांच के बाद कार्रवाई**

मारपीट की घटना की जानकारी मिली है, उसके कोई परिजन थाने आए हुए थे परंतु वे बिना रिपोर्ट लिखाए वापस चले गए। परिजनों का बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच को बाद विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**- नंद लाल पैकरा**, थाना प्रभारी जरहागांव

## डिप्टी सीएम साव ने किया डोंगरिया एनीकट का भूमिपूजन



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण ने क्षेत्र के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए मनियारी नदी पर 4 करोड़ 68 लाख 11 हजार की लागत से निर्मित होने वाली सिंचाई जलसंवर्धन परियोजना का भूमिपूजन किया। डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि, इससे ग्राम डोंगरिया एवं जमुनाही के किसानों के लगभग 100 एकड़ फसल के सिंचाई होगी।

कार्यपालन अभियंता मनियारी जल संसाधन संभाग एचडी सिंह के अनुसार मनियारी नदी में ग्राम डोंगरिया एनीकट का निर्माण कार्य योजना के लिए 556.59 लाख की प्रदान की गई है। इस अवसर पर जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, विनय साहू, गुरमीत सलूजा, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जिपं सभापति समुंद्र सिंदराम, अनिता साहू,रत्ना काठले, धनीराम यादव, रवि शर्मा, महाजन जायसवाल, कुंती डॉ उदय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, लेखराज ठाकुर, राजेन्द्र साहू, दिनेश कश्यप, दिनेश साहू, विश्वास दुबे, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विकास केशरवानी, घंशु राजपूत, नरेन्द्र खत्री, सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, जवाहर दिवाकर, जीवन साहू , जनमेजय जायसवाल, नारद जायसवाल, माधव तिवारी, घनश्याम यादव, विरेन्द्र गुप्ता, नितेश अग्रवाल, महेंद्र खत्री, शंकर खत्री आदि मौजूद थे।

■ किसानों को बड़ी सौगात, 100 एकड़ की सिंचाई होगी आसान

### दसवीं पुण्यतिथि पर ओमप्रकाश को दी गई श्रद्धांजलि

**मस्तूरी।** ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन कोटमिसुनार में 25 दिसंबर को इंदौर जोन के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक ओम प्रकाश की पुण्यतिथि अत्यंत भावना और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाई के व्यक्तित्व, उनकी शिक्षाओं और संस्था के प्रति उनके महान त्याग को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने कहा कि, ओमप्रकाश भाई पवित्रता और अनुशासन के साक्षात प्रतिमूर्ति थे। वे शिक्षा के क्षेत्र में गोल्ड मेडलिस्ट इंजीनियर थे, लेकिन जानकी दादी जी से ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने ने इंदौर और छत्तीसगढ़ जोन की सेवाओं को विस्तार देने में अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने हजारों नारियों को 'शिव शक्ति' बनाकर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाया। वे न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि अत्यंत सरल हृदय और सेवाभावी भी थे।

**निधन**

### रामशरण चौबे



**बिलासपुर।** बिरकोना निवासी एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत रामशरण चौबे पिता स्व.नारायण प्रसाद चौबे का निधन 26 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 दिसंबर को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम बिलासपुर में किया जाएगा। वे देवेश चौबे एवं दीक्षा चौबे के पिता थे।

### मनोज थवाईत

**तखतपुर।** गुप्ता मोहल्ला वार्ड 7 निवासी मनोज थवाईत का 51 वर्ष की आयु में 25 दिसम्बर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मयंक थवाईत के पिता थे।

## नहर उन्नयन से क्षेत्र के अन्नदाताओं को मिलेगा लाभः धर्मजीत

**सकरी।** नहर उन्नयन से क्षेत्र के अन्नदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा। किसान हितैषी कार्य को संज्ञान में लेते हुए हमारी सरकार ने 10 करोड़ की राशि स्वीकृत की है, जिससे इन तीनों जलाशय के उन्नयन से अब 254 हेक्टेयर का अतिरिक्त रकबा भी सिंचित हो जाएगा। इससे न केवल रबी और खरीफ की फसलें बेहतर होगी, बल्कि जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

उक्त बातें ग्राम कोपरा में आयोजित कोपरा जलाशय, बहतराई जलाशय एवं पेंडारी जलाशय उन्नयन कार्य के शिलान्यास करने पहुंचे तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने कोपरा को रामसर साइट घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए बताया कि, हमारा ग्राम कोपरा रामसर साइट के रूप में विश्व पटल पर चिन्हांकित हो गया है। आने वाले समय में कोपरा पर्यटन एवं पर्यावरण के क्षेत्र में



विकसित होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि, नहर उन्नयन से सिंचित क्षेत्रफल में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, कृषकों को वैकल्पिक फसल लेने का अवसर मिलेगा और जल प्रबंधन भी बेहतर होगा। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, क्षेत्र के किसान लंबे समय से नहर सुधार की मांग कर रहे थे, संवेदनशील विधायक धर्मजीत सिंह ने वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत सभापति द्वय अंबिका साहू, भारती माली, मंडल अध्यक्ष द्वय रवि मेहर, रामकुमार निर्मलकर, भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, जनपद सभापति श्याम सिंह ध्रुव, जनपद सदस्य द्वय जया जलेश्वर साहू, सुभाष गढ़ेवाल, सरपंच किरन प्रकाश यादव कोपरा, सुनीता संदीप साहू बहतराई एवं पेंडारी लक्ष्मी खांडे, रामचरण वस्त्रकार, पूर्व उपसरपंच बिरज यादव, सालिकराम कौशिक, धर्मेन्द्र कौशिक, डॉ प्रवीण तिवारी, आनंद अवस्थी ने भी संबोधित किया।

## सुशांत के प्रयासों से संवरेगी 25 गावों की सड़कें



**बिलासपुर।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की पहल दो अलग-अलग मद से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के 25 गांवों में दो करोड़ की लागत से सीसी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इन सड़कों के बन जाने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति और ग्रामीणों को पक्की सड़कों की सौगात मिलेगी। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा क्षेत्र के 25 गांवों में सीसी सड़क और अन्य निर्माण कार्य के प्रस्ताव शासन को भेजकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पंचायत मंत्री से विजय शर्मा से इन सड़कों की स्वीकृति के लिए प्रयास किया था। जिसके बाद 18 गांव में छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से 18 गांव जिसमें खैरखुंडी, बाम्हू, करमा, गिधौरी, रामपुर में दो, टेकर, नवंगवा में दो, सेमरताल, खैरा में दो, सरवनदेवरी, कडरी, मोहतराई, लगरा में सीसी सड़क और सेंदरी में दो शेड निर्माण शामिल है, इन सब कार्यों के लिए कुल 1 करोड़ 52 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसी तरह मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 49 लाख रूपये की लागत से सलखा, नवगंवा, जलसो, बसहा, पौंसरा और खैरा में सीसी सड़क और रंग मंच निर्माण कार्य शामिल है। ग्राम वासियों ने इन सौगातों के लिए विधायक सुशांत शुक्ला का आभार प्रकट किया है।

### शिविर में 308 में 155 आवेदनों का त्वरित निराकरण

**मुंगेली।** ग्राम पंचायत टेमरी में आयोजित शिविर में 308 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 155 मामलों का त्वरित निराकरण किया गया, शेष प्रकरणों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह ने आमजनों से शिविर का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि, शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। टेमरी में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, जपं उपाध्यक्ष पुष्पलता पद्मनी मोहले, जपं सदस्य पवन पांडेय, शक्ति सिंह, पूर्व जपं सदस्य मानस प्रताप सिंह, कमलेश मिश्रा शामिल हुए।

## यादव समाज के सामाजिक कैलेंडर का विमोचन

**बिल्हा।** ठेठवार यादव समाज का एक दिवसीय सम्मेलन 24 दिसंबर को ग्राम कुआंपाली बरतोरी में डॉ गोविंद यादव सभापति जिला पंचायत बिलासपुर के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया गया। इस मौके पर सामाजिक कैलेंडर 2026 का विमोचन किया गया।साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं शैक्षणिक सत्र 24-25 में कक्षा 10वीं व 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को श्रीफल प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ गोविंद यादव कहा कि, किसी भी समाज का सामाजिक कैलेंडर उस समाज का दर्पण होता है, जिसमें समाज का पूरा प्रतिबिंब दिखाई देता है। मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करने से उन्हें उत्साह एवं गर्व की अनुभूति होती है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए राज प्रमुख तुमेश यादव ने समाज हित हेतु समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी, साथ ही साथ आगामी फरवरी -मार्च में सामाजिक समरसता यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होने का आह्वान किया। सम्मेलन को अति विशिष्ट अतिथि संदीप योगेश यादव पूर्व सभापति जिला पंचायत बिलासपुर, हृदय यादव प्रवक्ता बरतोरी राज ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में बरतोरी राज के समस्त पदाधिकारी, महासभा में बरतोरी राज के पदाधिकारी के साथ-साथ सभी राज पंच, पूर्व पदाधिकारी, सामाजिक विद्यार्थी गण, अभिभावक एवं बहुत संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष यादव पूर्व महासचिव महासभा भाटापारा एवं अभार प्रदर्शन भारत लाल यादव अध्यक्ष बरतोरी राज किया।

## विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म आरोपी को आजीवन कारावास

**भर्रीडांड़।** मरवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं 1 हजार अर्थदंड से दंडित किया। घटना 24 अगस्त 2024 की है जब, रात्रि ग्राम बंशीलाल में आरोपी ने मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना के तत्काल बाद स्थानीय लोगों की सहायता से आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया। मरवाही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। सशक्त साक्ष्य एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के आधार पर आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया एवं प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की व 1 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

### गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने पर बदमाशों ने युवक के साथ गाली-गलौज करत हुए मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर निवासी संतोष लहरे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 दिसम्बर को गांव में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें वह अपने रिश्तेदारों के साथ शामिल हुआ था। रात 1.30 बजे गांव के सूरज लहरे, अजय लहरे, बुगला लहरे, निरंजन लहरे ने कार्यक्रम में क्यों आए हो कहते हुए उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।


**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
हरिनंदन उर्फ दिलीप कुमार वर्मा पिता स्व. बसंत बाबू वगैरह.......आवेदकगण
बनाम छ.ग. शासन
...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण हरिनंदन उर्फ दिलीप कुमार वर्मा पिता स्व.बसंत बाबू वगैरह निवासी शहीद गोपीचंद कालोनी मार्ग कुम्हारपारा रोड जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नं. 24 प्लाट नं.- 11/1,11/2 रकबा 3899,448 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदकगण के पिता स्व. बसंत बाबू वर्मा के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 25.01.2023 को हो चुकी है। आवेदकगण के व्दारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 14/01/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 26/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)



**आम सूचना**

मै अपने पक्षकार भानुप्रताप बैस पिता स्व. सुन्दर लाल बैस निवासी मधुबन रोड दयालबंद बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिये आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि भूमि स्वामी बुधराम शर्मा पिता स्व. लालू शर्मा निवासी गुलाब नगर मोपका बिलासपुर छ.ग. के नाम हक एवं अधिपत्य की परि. भूमि/मकान मौजा मोपका प.ह.नं. 29 रा. नि.मं. मोपका तह. जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 798/20 शीट नं 31 प्लाट नं 358 रकबा 3300 वर्गफुट भूमि / मकान है उक्त भूमि / मकान को मेरे पक्षकार भानुप्रताप बैसद्वारा भूमि स्वामी से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दिया गया है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन कराया जावेगा। उक्त सौदे बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैक, संस्था,शासकीय/अर्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें बाद में आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक : 27.12.2025

भवदीय
आदर्श हजारी
(अधिवक्ता)
बिलासपुर छ.ग.
मो.नं.- 9827170017, 9425222600



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर**
**सूचना**

क्र/क/दल सीमांकन /2025/
बिलासपुर दिनांक 24/12/2025

प्रति,
पवन कुशवाहा, अरूण कुशवाहा, अनिता, प्रवीण, अभिषेक, प्रवेश, राजकुमार, महेश पंजवानी, बिहारी लाल चंदानी, शशांक वर्मा, आकाश वर्मा, बालाजी देवांगन, कोमल भोजवानी, ज्योति भोजवानी, संजू वर्मा, अशोक कुमार पमनानी, आशा गुप्ता, अमिताभ, चेतराम, शीला मलघानी, मंजू खूबचंदानी, मीना साधु, दुर्गावती पंजवानी, अनिल कृपलानी, सुरेश कुमार, नरेश जोतवानी, राजेश साहू, नरसिंह, अनिता हर्जपाल, सुरेश कुमार होलाराम, आशा गुप्ता, कन्हैयालाल, राहुल मोटवानी, नीता विश्वकर्मा, कमलेश पांडे, पूर्णिमा गोला, त्रियोगी नारायन दुबे, विद्यासागर दुबे, द्वारिका देवांगन बलबीर सिंह, लखनलाल, जगदीश कश्यप एवं अन्य समस्त संबंधित हितबद्ध पक्षकार।

समीपी भूमिस्वामियो / पक्षकारों के नाम की जानकारी पवन कुशवाहा के बताए अनुसार)
**विषय:**-सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
**संदर्भ:**- 1- माननीय न्यायालय तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर छ.ग. का एम.जे.सी. सिविल प्रकरण कमांक 120/2017 (श्रीमति शकुंतला कुशवाहा विरूद्ध लखनलाल व अन्य) 2-न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर छ.ग. का आदेश क्र/क/तह./वाचक / 2025 बिलासपुर दिनांक 10/12/2025।

उक्त सूचना पत्र के माध्यम से आपको यह सूचना दी जाती है कि संदर्भित न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक को 1/3 अंश पृथक कब्जा दिलाए जाने बाबत डिक्री पारित किए जाने पर प्रश्नाधीन भूमि ख0नं0 283/1, 284/2, 338/1, 293/2 रकबा क्रमशः 0.0150, 0.0280, 0.1600, 0.0850 हे0 का सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर द्वारा राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों का दल गठन किया गया है।

जिसके परिपालन में दिनांक 09/01/2026 को समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सीमांकन कार्य किया जानो है। अतः आप निर्धारित दिनांक को यथासमय भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-27/2024-25,
ग्राम पांड, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पांड प.ह.न.42 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. रोशनी पिता दीपक, रोशन पिता दीपक, ना.ब. हर्षिता पिता दीपक, रिया पिता दीपक 2. ना.बा. विद्या पिता सुग्रीव, हर्षप्रिया पिता सुग्रीव, आश्मी पिता सुग्रीव वली मां नीलम पति सुग्रीव सभी निवासी बेदू गैरेज के पास मिनी बस्ती जरहाभाठा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा पांड प.ह.न. 42 स्थित भूमि ख.नं. 391/6, 391/16, 395, 396/1 रकबा क्रमशः 0.6110, 0.2430, 0.2020, 1.5860 हे. भूमि के संबंध में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 खाता विभाजन बाबत इस न्यायालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में हल्का पटवारी के द्वारा आवेदक, कोटवार एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में फर्द बंटवारा सूची तैयार कर पेश किया गया। जिसके अनुसार 1. रोशन, रोशनी पि. दीपक, ना.बा. हर्षिता, दिया पि. दीपक सा. बिलासपुर को भूमि खसरा नंबर 391/16 में से 0.081 हे., 391/6 में से 0.204 हे., 395 में से 0.067हे., 396/1 में से 0.528हे. लगान 20 पैसा 2. ओमशंकर पिता रूपनाथ सा. बिलासपुर को भूमि खसरा नंबर 391/16 में, से 0.081 हे., 391/6 में से 0.204 हे., 395 में से 0.067हे., 396/1 में से 0.528 हे. लगान 20 पैसा 3. ना.बा. विद्या, हर्षप्रिया पिता सुग्रीव, आश्मी पिता सुग्रीव, नीलम पति सुग्रीव सा.बिलासपुर को भूमि खसरा नंबर 391/16 में से 0.081 हे., 391/6 में से 0.203 हे., 395, में से 0.068 हे., 396/1 में से 0.529 हे. लगान 20 पैसा, हिस्सा करते हुए फर्द बंटवारा सूची पेश किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 07.01.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी



**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क......../अ-6-अ/2025-26
ग्राम खजुरी नवांगाव तहसील-सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक गिरीश कुमार शर्मा पिता स्व. द्वारिका प्रसाद शर्मा निवासी खजुरी नवागांव, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम खजुरी नवागांव तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 390/2, रकबा 0.31 एकड़ असिंचित भूमि में ऑनलाईन त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 115 के अधीन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12/1/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 26/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी



**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र.अ-6/2025-26,
ग्राम देवरीकला, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र तिवारी पिता स्व.गोरेलाल तिवारी उम्र 74 वर्ष, निवासी-डुप्लेक्स,नं.44, बाबजी पार्क (गौरव पथ) बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम देवरीकला प.ह.नं.47 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 48, 45/1, 326/2, 18/2, 15/2, 149/2, 145/2, 130/2, 121 रकबा क्रमशः 0.0160, 0.0650, 0.0400, 0.4980, 0.0810, 0.1620, 0.0040, 0.2510 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में आवेदक के पिता स्व.गोरेलाल तिवारी के नाम से दर्ज है। खातेदार श्री गोरेलाल तिवारी पिता स्व.द्वारिका प्रसाद तिवारी की मृत्यु हो जाने के कारण विधिक वारिस का नाम दर्ज किये जाने हेतु धारा 109, 110 छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 वास्ते फौती नामांतरण बाबत इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी, दिनांक 29/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 15/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी



**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**

रा.प्र.क्र......./अ-6-अ/2025-26
ग्राम उस्लापुर तहसील-सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश प्रसाद महार पिता शिवशंकर महार निवासी जोंकी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदक अनुसार ग्राम उस्लापुर प.ह.नं. 60, रानिम. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 205/60, रकबा 0.0100 हे. भूमि आवेदक की स्वामित्व की भूमि है। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदक सुषमा बंजारे एवं अन्य के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधार करने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अनुविभागीय अधिकार राजस्व तखतपुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया है प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में अनावेदक सुषमा बंजारे पति रोहित बंजारे, गणेश राम बंजारे पिता शिव प्रसाद निवासी बिलासपुर तहसील, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12/01/26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के द्वारा अधिकृत व निदिष्ट होकर यह आम सूचना का प्रकाशन करवाता हूँ।

यह कि ग्राम बोदरी, महाल नं.-2, हल्का नं.-00001 रा.नि.मं. बोदरी तह-बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नं.-239/13, कुल रकबा 0.0140 हेक्टेयर अभी जो समस्त राजस्व अभिलेखों में राजकुमारी वर्मा पति टेकराम वर्मा के नाम पर दर्ज है।

उपरोक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का सौदा किया जाकर बतौर बयाना राशि प्रदान किया जा चुका है और निकट भविष्य में पंजीयन करवा लिया जायेगा।

अतः उपरोक्त भूमि से संबंधित किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक शासकीय/ अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में लिखित मय दस्तावेज सहित आपत्ती दर्ज करा सकता है। समय अवधि पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी। सो सूचना जानें।

स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 26/12/2025

हेमन्त कुमार दिव्य
(अधिवक्ता)
कार्यालय-ओम नगर जरहाभाठा
बिलासपुर (छ.ग.)



**न्यायालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी, तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र**

प्रति,
आवेदक/आवेदिका पवन कुमार अग्रवाल (फॉरच्यून सर्वि.प्रा.लि.डायरेक्टर)
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी
(1) विनय तिवारी /ज्ञानचंद (2) संजय अग्रवाल/ बाबूलाल (3) मनीष बजाज/मुकेश बजाज (4) ग्राम कोटवार (5) अन्य समीपवर्ती प्रभावित भूमिस्वामी।

**विषय:** सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।
**संदर्भ:**-न्याया.ना.तह.बोदरी के ज्ञापन क्रमांक /क 51/ ना.तह./वा.2025, बोदरी दिनांक 13/10/25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक /आवेदिका पवन कुमार अग्रवाल पिता स्व.श्री एस.आर. अग्रवाल जाति मड़वारी निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी (02) प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं.15003 रकबा 7.3001 एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन में प्रस्तुत आवेदन पर / सीमांकन किये जाने हेतू न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू. रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 8/01/26 को 12.00 दोपहर बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**टीप:**-उपरोक्त सीमांकन/मौका जाँच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि.मं. बोदरी,
तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर



**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क. अ-27/2024-25,
ग्राम पांड, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पांड प.ह.न. 42 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक ना.बा. विद्या पिता सुग्रीव, हर्षप्रिया पिता सुग्रीव, आश्मी पिता सुग्रीव वली मां नीलम पति सुग्रीव निवासी बेदू गैरेज के पास मिनी बस्ती जरहाभाठा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा पांड प.ह.न. 42 स्थित भूमि ख.नं. 391/7 रकबा 0.1820 हे. भूमि के संबंध में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 खाता विभाजन बाबत इस न्यायालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में हल्का पटवारी के द्वारा आवेदक, कोटवार एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में फर्द बंटवारा सूची तैयार कर पेश किया गया। जिसके अनुसार 1. ओमशंकर पिता रूपनाथ सा. बिलासपुर को भूमि खसरा नंबर 391/7 मे से रकबा 0.091 हे. लगान 10 पैसा 2. ना.वा. विद्या पिता सुग्रीव, हर्षप्रिया पिता सुग्रीव, आश्मी पिता सुग्रीव, नीलम पति सुग्रीव सा. बिलासपुर को खसरा नंबर 391/7 मे से रकबा 0.091 हे0 लगान 10 पैसा, हिस्सा करते हुए फर्द बंटवारा सूची पेश किया गया।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 07.01.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी

**खबर संक्षेप**

## मानव कल्याण के लिए यीशू ने लिया जन्मः मोहले



**जरहागांव।** ख्रीष्टियान मंडली पेन्ड्रीडीह चर्च में क्रिसमस का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें मसीही समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने चर्च पहुंच कर मसीही समाज को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। विधायक मोहले ने कहा कि, यीशु मसीह ने जगत में लोक कल्याण के लिए जन्म लेकर सेवा, समर्पण व नम्रता के पथ पर चलकर मानव सेवा को प्राथमिकता दी, ताकि जगत का कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि, यीशु मसीह का जन्म केवल मानव कल्याण के लिए हुआ और मानव के उद्धार के लिए वे सूली पर चढ़ गए, ऐसे पवित्र आत्मा के जन्मदिवस कार्यक्रम में उपस्थित होना सौभाग्य की बात है। चर्च के पास्टर रॉड्रिक जान ने बताया कि, चर्च में गीत, संगीत, नृत्य आदि संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे से गले मिलकर क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष सतीश रामा, पास्टर आर जॉन, सचिव शशिकांलाल, कोषाध्यक्ष आदर्श जॉन, विकास जॉन, एपेत मसीह, निहाल मसीह, अंकित मसीह, अक्षय सिंह सहित साथ समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

## भटगांव पंथी पार्टी को युवा महोत्सव में प्रथम स्थान



**मुंगेली।** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता में राज्यपाल रमन डेका एवं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू हाथों प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर भटगांव पंथी पार्टी ने मुंगेली जिले को गौरवान्वित किया। राज्य युवा महोत्सव 23 से 25 दिसंबर तक बहताराई स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित किया गया, जिसमें लोक नृत्य पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, गेड़ी नृत्य, वाद विवाद कहानी लेखन कविता लेखन चित्रकला आदि 14 विधाओं पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मुंगेली जिले से पंथी पार्टी भटगांव ने अद्भुत पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पंथी पार्टी को राज्यपाल रमन डेका एवं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू हाथों प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इससे पहले भी भटगांव पंथी पार्टी ने मुंगेली जिले को कई बार गौरवान्वित किया है, यह उनका 5वां राज्य स्तरीय पुरस्कार है। युवा महोत्सव में मुंगेली जिले से संजय पॉल वरिष्ठ खेल अधिकारी, लक्ष्मी कांत जड़ेजा नोडल अधिकारी, कमलेश कुमार पटेल सहायक नोडल, रोहित कुमार ठाकुर प्रधान पाठक, परमेश्वर राय सहायक शिक्षक, माया गेंदले सहायक शिक्षक, सुधीर पटेल खेल विभाग खेलन ओगरे, योगेश ओगर, राजेश ओगर, नरेंद्र बंजारे एवं सभी विधाओं के प्रतिभागी शामिल हुए।

## शीतला विद्या मंदिर कुकुसदा के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण




**पथरिया।** क्षेत्र की शीतला विद्या मंदिर कुकुसदा सह मां शीतला विद्या मंदिर कंचनपुर टोनहीचुवा विद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़, बौद्ध मंदिर, खैरागढ़ विश्वविद्यालय का दर्शन कराया। सभी बच्चों ने मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ दर्शन किया एवं उड़न खटोला में सफर का आनंद उठाया।इस दौरान सभी ने डोंगरगढ़ परिसर को साफ-सुथरा कर स्वच्छता का संदेश दिया। शैक्षणिक भ्रमण में 65 बच्चों ने सहभागिता निभाई। साथ ही संचालक गौकरण प्रसाद जायसवाल, प्रधान पाठिका ऋतु जायसवाल, प्रभारी अंशिका दयाल, लक्ष्मीन साहु मधु मरकाम, स्टेला दयाल, निशा बर्मन, कविता डहरिया, स्वाति राजपूत, रीना कोशले, सविता निर्मलकर, सीमा नेताम, मधु जायसवाल, ईशा गेंदले, पूजा गेंदले, अंजली मिरी, रितिका मार्को, रविशंकर निषाद, ज्ञाननिदि लाल, गोवर्धन पोर्ते, कल्याण निषाद, मोतीलाल जायसवाल आदि शामिल रहे।

## सैय्यद इज्जत शाह का सालाना उर्स पाक 1 को




**रतनपुर।** हजरत सैय्यद इज्जत शाह रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स मुबारक हर साल की तरह वर्ष 2026 में भी 1 जनवरी गुरुवार को बड़ी शान से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गुस्ल-ए-पाक मजार से होगी। इसके बाद 10:30 बजे संदल-चादर पेश और परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। सुबह 11 बजे जलसा-ए-गोसुलवरा आयोजित होगा। वहीं दोपहर 1:55 बजे से कुल की फातिहा और आम लंगर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मौलाना अजहरुद्दीन मुरादाबादी शिरकत फरमाएंगे। कार्यक्रम की सदारत हाजी अय्यूब कादरी करेंगे, जबकि निजामत तनवीर साहब अदा करेंगे। पूरे कार्यक्रम की तैयारी अंजुमन इस्लामिया अहले सुन्नत कमेटी, हजरत सैय्यद इज्जत शाह यंग इंतजामिया कमेटी अध्यक्ष हाजी अशरफ खान कोषाध्यक्ष वहाब खान, सचिव नवाब खान, एवं कमेटी के सदस्यों की अगुवाई में की जा रही हैं।

### वीर बाल दिवस अंचल में हुए विविध कार्यक्रम

# साहिबजादों की शहादत व शौर्य का पूरा देश रहेगा ऋणी





**हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला**

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के शौर्य को स्मरण करते हुये जिला जीपीएम भाजपा ने बाल दिवस मनाया। गुरुद्वारा गौरेला में आयोजित कार्यक्रम में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रकाश नामदेव ने साहिबजादों के बलिदान का स्मरण किया।

कार्यक्रम के संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलदीप सिंह धीरज ने साहिबजादे जोरावर सिंह एवं फतेहसिंह के शौर्य और बलिदान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि, साहिबजादों का उम्र में बलिदान हमें अपने धर्म की रक्षा हेतु अपना योगदान देने को प्रेरित करता है। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र सिंह चावला ने एवं आभार प्रदर्शन जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष कन्हैय्या सिंह राठौर, डॉ लूशनसिंग राठौर, किशन सिंह ठाकुर, बालकृष्ण अग्रवाल, छोटेलाल सोनी, तापस शर्मा, शंकर चक्रधारी, रानू नामदेव, गंगोत्री राठौर, घनश्याम राठौर, अशोक पेंद्रो, राजकुमार पुरी, सचिन जैन, संतोष अग्रवाल, शिव शर्मा, मनोरमा गुप्ता, राखी गहलोत, सरिता राठौर, मानस अग्रवाल, वीरेंद्र विश्वकर्मा, सुरेश उईके, सरदार मख्खन सिंह, सरदार सुखदेव सिंह ग्रेवाल, सरदार मलकीत सिंह, गुरुमित सिंह, कमलजीत सिंह, जसपाल सिंह, राकेश सिंह, सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं सिख समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## गुरू गोविन्द सिंह के साहिबजादों को शत-शत नमनः मोहले




**मुंगेली।** वीर बाल दिवस के अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने गुरुद्वारे में जाकर वीर साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों ने इतनी कम आयु में देश के लिए शहादत दी है। उन्होंने देश, धर्म और सत्य के लिए अपने जीवन को न्योछावर कर दिया है। हम गुरु गोविन्द सिंह जी के परिवार के इस बलिदान के लिए शत-शत नमन करते हैं। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि, वीर साहबजादे को हम नमन करते हैं। गोविंद सिंह जी और उनके परिवार का बलिदान हमेशा हम सबको प्रेरित करता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा के बाद मुंगेली गुरुद्वारा से स्वर्ण जयंती स्तम्भ तक मौन जुलूस निकाला गया, तथा मोमबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, ताकेश्वर साहू, अमरजीत सिंह, द्वारिका जायसवाल, सिक्ख समाज से स्वर्ण सिंह छबड़ा, गुरजीत सिंह मक्कड़, पवनजीत सिंह छाबड़ा, अमरजीत सिंह, प्रभुजीत सिंह, लवी सलूजा, मयंक वाधवा तथा मातृशक्ति एवं भारतीय जनता पार्टी से इस कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक राजकुमार वाधवा, राजीव श्रीवास, सौरभ बाजपेयी, महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव,विजय यादव, अमितेश आर्य, श्वेता सोनी, प्रवीण सोनी, रवि साहू, वैभव ताम्रकार, प्रदीप सिंह, गणेश बाजपेयी, जीवन पटेल, संतोष लखवानी, गणेश बाजपेयी, आसिफ खोखर, मोहन मल्लाह, सतू सिंह, धनराज सिंह, वासुदेव देवांगन, रामजी यादव, शैलेंद्र यादव आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव द्वारा दिया गया।

■ वीर बाल दिवस पर नगर में निकाला गया मौन जुलूस

## वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को किया गया नमन

**पथरिया।** वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख समुदाय की ओर से गुरुद्वारा प्रांगण में कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन में वीर बलिदानियों की शहादत को नमन करते हुए उनसे प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान धर्म और मातृभूमि, देश की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सादर नमन किया गया। आयोजन में सिख समुदाय के अलावा हिन्दू धर्म के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जसपाल छाबड़ा ने कहा कि, बलिदानियों की गाथा सदैव धर्म के रक्षकों को प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम को जिपं सभापति अनिला देवेंद्र सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जसपाल छाबड़ा, जसबीर छाबड़ा, नमन छाबड़ा, सिंकू, राजू हुरा, छोटू, गगन छाबड़ा, रिंकू सिंह ठाकुर, गणेश सोनी, बलराम जायसवाल, टीकाराम वर्मा, संजय राजपूत, रघु वैष्णव, उमेशा यादव, प्रेम यादव आदि मौजूद थे।



## वीर बाल दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**तखतपुर।** वीर बाल दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में साहस, बलिदान, देशभक्ति एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र राजपूत ने अपने कहा कि, वीर बाल दिवस हमें गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान की स्मृति कराता है। उनका जीवन हमें सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के प्रभारी जितेंद्र शुक्ला ने अपने कहा कि, निबंध लेखन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में धनेश्वरी ठाकुर, खुशबू ठाकुर, भावना निर्मलकर, पिंकी ठाकुर, माधुरी ठाकुर, साधना सिंह, शिवानी कुर्रे, अलीशा बंजारे, मानसी गंधर्व, श्रुति देवांगन आदि ने हिस्सा लिया।



# कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

### एमओ, बीपीएम, सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली-लोरमी**

लोरमी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर कुंदन कुमार ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आपातकालीन कक्ष का अवलोकन किया तथा उपचार के लिए आए मरीजों से सीधे संवाद कर दी जा रही सुविधाओं, उपचार व्यवस्था एवं स्टाफ की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में रेफरल प्रकरणों, मरीजों की संख्या तथा सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी पाए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मेडिकल ऑफिसर डॉ जितेंद्र पैकरा को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि, भविष्य में यदि दोबारा गंदगी पाई गई, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने मरीजों से संबंधित संधारित विभिन्न पंजियों का भी अवलोकन किया, और उनमें अद्यतन प्रविष्टियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिजेरियन प्रसव से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अस्पताल में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जच्चा-बच्चा कक्ष, लेबर रूम तथा एनबीएसयू का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि, एनबीएसयू एवं एसएनएसयू में भर्ती बच्चों को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए और यथासंभव उपचार सीएचसी स्तर पर ही उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान संधारित पंजीयों के अवलोकन में बच्चों की संख्या कम पाए जाने एवं कार्यप्रणाली में लापरवाही पर उन्होंने बीपीएम शैलेन्द्र को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होने एनआरसी में गलत प्रविष्टी पर इसकी जांच कराने तथा बीएमओ, बीपीएम एवं सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



## आग लगने से लगभग 2 लाख का पैरा राख



**तखतपुर।** पैरावट में आग लगने से पांच किसानों का लगभग 2 लाख रूपए का पैरा जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम राजपुर में बीते दिन चार-पांच पैरावट में आग लग गई, जिससे लाखों रूपए का पैरा जलकर खाक हो गया। पैरावट में आग लगने से राजपुर के किसान बैसाखु लहरे, राधे लाल, बंशी लाल कुर्रे, विजय घृतलहरे, मंशाराम लहरे का पैरा जल गया। जैसे ही आग की जानकारी मिली आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। आग लगते ही इसकी सूचना दमकल को भी दी गई, लेकिन दमकल के पहुंचने तक पैरा पूरी तरह जल चुका था। एक साथ चार-पांच पैरावट में आग लगने से लोगों को आशंका है कि, किसी असामाजिक तत्व ने जानबूझकर आग लगाई है। शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

# जीपीएम जिले में युवा कांग्रेस की नई टीम का गठन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा**

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की अनुमति एवं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी अमित पठानिया तथा सह प्रभारी मोनिका मंडरे के मार्गदर्शन में जीपीएम जिले की युवा कांग्रेस टीम का गठन किया गया है। नियुक्त किए गए पदाधिकारियों में मुकेश कश्यप को ब्लॉक अध्यक्ष पेंड्रा, निलेश गुर्जर को ब्लॉक अध्यक्ष गौरेला व दिनेश मार्को को ब्लॉक अध्यक्ष मरवाही नियुक्त किया गया है।

वहीं जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अजय पुलस्त, तारा मार्को, राजमोहन वासुदेव को बनाया गया है। जिला महासचिव की जिम्मेदारी राहुल तिवारी, कौशल राठौर, कोमल प्रसाद केंवट, कृपाल सिंह कंवर, रामकुमार सांवले, सहरत उरेती, अनीता सलाम, देवलाल मराबी, जरीना खान को सौंपी गई है। इसी तरह जिला सचिव के रूप में फगुन तिलगम, परमेश्वर कश्यप, सुनील ठाकुर, विभोर जायसवाल, संतोष पुरी, जावेद आलम, शरद राठौर, शिवा राठौर, विरेन्द्र यादव, बेचन सिंह भानु, अजय मोंगरे, गगन कोर्चे, जयलाल मराबी, भुवनेश्वर पैकरा, अजय सोनवानी, किशन श्रीवास, रोहित जायसवाल, पुष्पा मार्को, धनेश्वरी मरपच्ची, शांति पोर्ते, रजनी मार्को, जयकुंवर श्याम, रेखा मराबी, किरण मराबी, राम सिंह, सचिन अग्निहोत्री, राहुल पुरी, अभय केशरवानी, प्रियांश केशरवानी, शंकर श्रीवास का चयन किया गया है। युवा कांग्रेस जिला नेतृत्व ने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का पालन निष्ठा पूर्वक करने तथा संगठन को मजबूती देने का आह्वान किया है।

## समाज में प्रेम, सद्भाव बढ़ाने हिंदू सम्मेलन का आयोजन




**लोरमी।** समाज में समरसता लाने, छुआछूत मिटाने एवं आपस में श्रद्धा प्रेम सद्भाव बढ़ाने के उद्देश्य से सेमरसल में हिंदू सम्मेलन का उत्साहपूर्व आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कवर्धा के लालपुर से उत्तर यादव रहे शामिल हुए।

आयोजन के मुख्य अतिथि सेतगंगा वाले महंत राधेश्याम दास एवं अतिथि दुर्गा उमाशंकर साहू रहीं। इस दौरान बच्चों ने कर्मा, सुआ गीत, पंथी, राउत नाचा सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता उत्तर यादव ने हिंदू शब्द की उत्पत्ति, अवधारणा और सनातन संस्कृति की महिमा का बखान करते हुए वर्तमान में समाज में एकता समरसता और संगठन भावना के विकास पर बल दिया। अंत में भारत माता की आरती कर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आगे होने वाले हिंदू सम्मेलन और तदर्थ कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। कार्यक्रम का संचालन खेदु सिंह और आभार प्रदर्शन शुभम सिंह ने किया। इस अवसर पर सेमरसल, बटहा, भठली, कुम्हरौली, तेलियापुरान, हरनाचाका से बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## रासेयो का रक्तदान शिविर व जागरूकता रैली



**मल्हार।** तक्षशिला उमा विद्यालय जोंधरा की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से ग्राम केवटाडीह में आयोजित सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन रक्तदान शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में ग्रामीणों, युवाओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रक्तदान के महत्व को बताते हुए स्वयंसेवकों ने कहा कि, रक्तदान महादान है, इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। इसके साथ ही गांव में रक्तदान हेतु जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को नियमित रक्तदान करने, भ्रांतियों से दूर रहने एवं मानव सेवा के इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बौद्धिक परिचर्चा में नायब तहसीलदार सहोरिक यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व निर्माण विषय पर विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास और अनुशासन के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर सहित समस्त शिक्षक एवं राष्ट्रीय योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता, बैंक को बनाएंगे और भी सशक्तः रजनीश

**लगरा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के नवपदस्थ अध्यक्ष रजनीश सिंह ने पदभार ग्रहण करते हुए स्पष्ट किया कि, उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता किसान होंगे, वहीं दूसरी प्राथमिकता बैंक को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व प्रभावी बनाना रहेगी। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि, भाजपा ने एक कर्मठ और अनुभवी कार्यकर्ता को किसानों के हित में कार्य करने के लिए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। श्री सिंह अनुभवी, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित नेतृत्वकर्ता हैं। नवपदस्थ अध्यक्ष रजनीश सिंह ने कहा कि, बैंक का 90 से 95 प्रतिशत कार्य सीधे तौर पर किसानों से जुड़ा हुआ है। यह एक पुराना और विश्वसनीय बैंक है, जिसे किसानों के सहयोग से हमेशा अग्रणी बनाए रखा जाएगा। उपाध्यक्ष रजनी साहू के साथ मिलकर बैंक को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया, प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार 31 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ धान खरीदी कर रही है। दो वर्ष पूर्व जहां 1 लाख 40 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी गई था, वहीं वर्ष 2024 में 1 लाख 49 हजार मीट्रिक टन 21 क्विंटल धान की खरीदी हुई। श्री सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पदभार ग्रहण करने को सौभाग्य की क्षण बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नारायण चंदेल, विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, दीपक सिंह ठाकुर, मोहित जायसवाल, पूर्व सांसद लखन लाल देवांगन, रामदेव कुमावत, गुलशन ऋषि, सहित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भागवत यादव एवं सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



■ रजनीश ने ग्रहण किया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष का पदभार

## सहकारी केंद्रीय बैंक सीपत शाखा ने किया रजनीश सम्मान



**सीपत।** रजनीश सिंह ने बिलासपुर जिले के सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। शपथ ग्रहण शपथ के दौरान सीपत शाखा के लोगों ने रजनीश सिंह को गजमाला पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष तामेश्वर कौशिक, कौड़िया सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष आशीष बाकरे, पर्यवेक्षक जीतेंद्र गौरहा, देवरी सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, नरगोड़ा सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामस्नेही साहू, कौड़िया संस्था प्रबंधक लक्ष्मी श्रीवास, देवरी संस्था प्रबंधक भुवनेश्वर मिश्रा, जांजी संस्था प्रबंधक दिलीप साहू, नरगोड़ा संस्था प्रबंधक योगेश्वर राव, पोड़ी संस्था प्रबंधक मंतोष यादव क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं प्राधिकृत अधिकारी प्रबंधक शामिल थे।

**ACB INDIA LTD.(1X63MW TPP)**

**NOTICE INVITING TENDER**

**Ref.No:-** ACBIL/(1X63MW)PP/ASH TRASNPORTATION/2025 -26/ DEC -01

**Description of work:**
Require competent agency for Transportation of Fly Ash/Pond ash to low laying area for a distance of 0 to 06 (Approx) Kms. from 1x63 MW Thermal Power Plant at Village-Renki, Tehsil- Hardi baazar Dist. Korba Chhattisgarh, As per below details :
Transportation of Ash by self-tippling Open Tipper/Trucks but dully covered with Tarpaulin or Suitable mean as per applicable MOEF & CC Notifications and guidelines & up to designated location.

**Total Quantity and Rates:**
Total estimated quantity of ash to be transported and unloaded is 85,000 MT. Actual quantity is subject to change as per requirement during actual execution of the work.
Interested Bidder may collect Detailed Tender Document below mentioned address & submit their bid. Bidder shall quote the rate in sealed envelope in INR:
Transportation complete charges for low laying area:
1) From 4-5 KM Rs………………./Per MT
2) From 5-6 KM Rs……………../Per MT
Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc..

**Tender will available:** from 28.12.2025 at 11.00 Hrs. to 01.01.2026 at 12.00 hrs.
**Last date of Bid submission:** 02.01.2026 at 16.00 Hrs.
**Contact person** : Ajay Dewangan Contact No: 95893-05985
E-mail- svpl.oprn@acbindia.com
**Address : ACB (India) Limited,** 1x63MW Power Plant, Village-Renki Tehsil- Hardibazar, District- Korba (Chhattisgarh)

**- S/d-**
**ACB (India) Ltd. (1X63MW TPP)**

## खबर संक्षेप

### छत से गिरे 4 वर्षीय बच्चे की मौत, पसरा मातम

**बिलासपुर।** सर्दी की धूप लेते हुए घर की छत से गिरे मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब घर पर बच्चे अकेले थे और माता-पिता रोजी मजदूरी करने गए थे। मोहल्ले के लोगों ने बच्चे को खून से लथपथ हालत में सिम्स पहुंचाया था। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। सिम्स चौकी से मिली जानकारी के अनुसार कोसला पामगढ़ निवासी किशन पटेल परिवार के साथ रजक मोहल्ला मंगला में रहता है। वह मजदूरी का काम करता है। शुक्रवार की सुबह पति-पत्नि काम के लिए घर से निकले थे। इस दौरान उसका बेटा हर्ष पटेल 4 वर्ष और बेटी छत पर खेल रहे थे। अचानक हर्ष पटेल छत से नीचे गिर गया, आसपास के लोगों ने बच्चे को खून से लतपथ देखा और उसे तत्काल सिम्स ले जाया गया। हादसे में घायल मासूम ने सिम्स पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है, जिसके बाद मोहल्ले में मातम छा गया और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### रामचरित मानस समागम का समापन 28 को

**बिलासपुर।** ग्राम हांफा में 24 दिसंबर से प्रारंभ श्री राम चरित मानस समागम का समापन 28 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीराम यादव ने बताया कि 24 दिसंबर से प्रारंभ इस राम चरित मानस समागम में पं. दुखुराम दुबे व्यास मंच श्री मावली माता मंदिर परिसर हांफा में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से महिला मंडली द्वारा हरि नाम संकीर्तन, शाम 4 बजे से स्थानीय मानस परिवारों द्वारा मानस गायन वादन किया जा रहा है। शाम 5.30 बजे से मानस मंडलियों द्वारा मानस गान प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति रस का पान करा रहे हैं। इस आयोजन में पं. गोपाल प्रसाद तिवारी, संजय तिवारी, पं. महेन्द्र कुमार दुबे, राजाराम यादव, बृजभूषण श्रीवास, उपाध्यक्ष शत्रुहन प्रसाद उपाध्याय, चंद्रकांत उपाध्याय, आचार्य पं अवधेश तिवारी, पं. मुकेश तिवारी, संदीप मिश्रा आदि का सहयोग मिल रहा है।

### नागरिक सहकारी बैंक की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल के निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि 26 दिसंबर को कार्यालय में 18 नाम निदेशन पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि नियोजन पत्रों की जांच 29 दिसम्बर को होगी एवं नाम वापसी 30 दिसम्बर कर सकते हैं। विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि निर्वाचित संचालकों की प्रथम बैठक 10 जनवरी को होगी, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### कोचिंग के लिए चयन परीक्षा रायपुर में 28 को

**बिलासपुर।** यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने संचालित कोचिंग में पढ़ाई हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए परीक्षा 28 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक राजधानी रायपुर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थियों से इसके लिए पूर्व में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को अभिलेखों के अभाव में परीक्षा में बैठने हेतु अपात्र किया गया है, उन्हें प्रावधिक रूप से उक्त परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती दावा आपत्ति 7 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र 170 गणेशनगर एवं केंद्र क्रमांक 80 लोधीपारा सरकंडा में कार्यकर्ता, वार्ड क्र. 22 अंतर्गत कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर में पालना सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 7 जनवरी 2026 तक मंगाए गए हैं।

---

**जिले की प्रत्येक पंचायतों में सूचना प्रकाशित** | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्मे बच्चों को पंचायत से भी जारी होने लगे थे सर्टिफिकेट

# गलत जानकारी देकर बर्थ सर्टिफिकेट बनवाया तो होगी कानूनी कार्रवाई

**बिलासपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्में बच्चों का बर्थ सर्टिफिकेट अस्पताल से लेने के बाद बच्चे का जन्म गांव के घर में होने की सूचना देकर पंचायत से भी सर्टिफिकेट ले लेना अब महंगा पड़ सकता है।

जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा इस तरह की गड़बड़ी पाए जाने के बाद सूचनादाता के खिलाफ गलत सूचना देने को लेकर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी जारी की गई है। इस संबंध में जिले की समस्य पंचायतों में सूचना भी चस्पा कर दी गई है। हरिभूमि में 'बर्थ सर्टिफिकेट जारी करने का गोरखधंधा, 19 सचिवों को नोटिस' शीर्षक के साथ दिनांक 13 दिसंबर को प्रकाशित समाचार को गंभीरता से लेते हुए जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग ने जिले की सभी पंचायतों में इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इसके अंतर्गत सारी पंचायतों में इस संबंध में सूचना भी चस्पा कर दी गई है, जिसमें ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार से बाहर शासकीय या निजी चिकित्सालयों में जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत से जारी नहीं करने का उल्लेख किया गया है। इसी तरह गलत सूचना देने वाले सूचनादाताओं के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की भी स्पष्ट चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग सभी विकासखंडों में पंचायत सचिवों के द्वारा विगत लंबे समय से ऐसे बच्चों को भी बर्थ सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे थे, जिनका जन्म शासकीय या निजी अस्पतालों में हुआ है, और संबंधित अस्पतालों से बच्चों को बर्थ सर्टिफिकेट पहले से ही जारी किए जा चुके थे।

इस संबंध में जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा जिले के 19 सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसमें सारे सचिवों ने सूचना दाता के द्वारा गलत जानकारी देकर प्रमाणपत्र बनवा लेने की बात कही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा अब स्पष्ट निर्देश जारी कर कड़ाई से पालन करने की अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी जारी की है।



•अति आवश्यक सूचना•
ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार से बाहर शासकीय/निजी चिकित्सालयों में जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र/मृतकों का मृत्यु प्रमाण पत्र यहाँ ग्राम पंचायत से जारी नहीं किया जावेगा तथा गलत सूचना देने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।
रजिस्ट्रार-सचिव
जन्म/मृत्यु पंजीयक
ग्राम पंचायत-रहंगी, ज.पं.-बिल्हा



बर्थ सर्टिफिकेट जारी करने का गोरखधंधा, 19 सचिवों को नोटिस

बर्थ डेट में हो सकता है अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पैदा होने वाले बच्चों का बर्थ सर्टिफिकेट अस्पताल से जारी होने के बाद उन्हीं बच्चों के नाम पर ग्राम पंचायत से भी सर्टिफिकेट जारी करने के मामले में जिले के 19 सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। एक ही बच्चे के नाम पर अलग-अलग जगहों से दो-दो बार बर्थ सर्टिफिकेट लेने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

जिले में इन दिनों एक ही बच्चे को दो-दो बार जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है। इसके पीछे पालकों की क्या मंशा है, फिलहाल यह बात समझ नहीं आ रही है।

एक ही बच्चे के नाम पर दो-दो बर्थ सर्टिफिकेट लेने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। ...



■ अस्पताल में पैदा हुए बच्चों को पंचायत से भी दिए गए सर्टिफिकेट
■ एक ही बच्चे के दो-दो सर्टिफिकेट लेने की ...

### मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी यही नियम लागू

बर्थ सर्टिफिकेट की तरह ही मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी यही नियम लागू किया जाना है। यदि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु पंचायत सीमाक्षेत्र के बाहर शासकीय या निजी अस्पतालों के अलावा अन्यत्र कहीं भी होती है, तो भी संबंधित का मृत्यु प्रमाणपत्र पंचायत से जारी नहीं किया जा सकेगा।

### लोगों में आएगी जागरुकता

इससे लोगों में जागरूकता आएगी और दोहरी पंजीयन की संभावना नहीं होगी।

**-एनके नेताम,** उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

---

जांच के बाद निगम ने की कार्रवाई, सुपरवाइजर का तबादला, 14 दिन बाद भी रिलीव नहीं

# पंप हाउस में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर लाखों का घोटाला, पुराना सामान लगाकर नए का बिल निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

ट्रांसफर सूची जारी होने के 14 दिन बाद भी वाहन शाखा के चर्चित सुपरवाइजर को आज तक रिलीव नहीं किया गया है। इसके विरोध में स्वायतशासी कर्मचारी संघ ने निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा है। ध्यान रहे कि वाहन शाखा के सुपरवाइजर दैनिक वेतन भोगी राजूराम साहू को जोन क्रमांक 3 में अटैच किया गया है। साथ ही सहायक उपनिरीक्षक जय प्रकाश दुबे को वाहन शाखा के सुपरवाइजर का दायित्व सौंपा है। आदेश के विशेष टीप में लिखा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। यह आदेश 12 दिसंबर को जारी किया गया था लेकिन इसका पालन नहीं किया जा सका है।

■ स्वायतशासी कर्मचारी संघ ने निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा

गौरतलब है कि नगर निगम के पंप हाउस में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। खास बात है कि यह आरोप यहीं के कर्मचारियों ने लगाया है और इसकी शिकायत महापौर, निगम कमिश्नर से लेकर अपर कमिश्नर तक से की गई है। मामले में जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि गाड़ियों में पुरानी टायर की जगह पुराना सामान लगाते हुए नए का बिल निकाला जा रहा है। यहां पदस्थ सुपरवाइजर द्वारा ही बिना किसी जरूरत के फर्जी बिल बनाकर उसका भुगतान लिया जा रहा है जबकि जिन गाड़ियों को सुधार की जरुरत है, उसके लिए राशि नहीं होने का बहाना बनाया जा रहा है। इस कारण गाड़ियां पंप हाउस में खड़ी हैं और निजी गाड़ियों का उपयोग काम के लिए किया जा रहा है। इन गाड़ियों के नाम पर भी हजारों की रकम की बंदरबांट हो रही है।







नगर निगम पंप हाउस में खड़े खराब ट्रक।

### 20 से अधिक गाड़ियां हुईं कबाड़

ध्यान रहे कि नगर निगम के अधिकारियों ने कुछ साल पहले 2 वैक्यूम क्लीनिंग मशीनें खरीदी थी। लाखों की लागत से खरीदी गई 1 क्लीनिंग वैक्यूम मशीन का उपयोग भी नहीं हुआ है और नगर निगम के पंप हाउस में खड़ी-खड़ी कंडम हो गई। इसी तरह 20 से अधिक गाड़ियां कबाड़ हो गईं और निगम ने ध्यान नहीं दिया। अभी भी निगम के पंप हाउस में कई गाड़ियां कबाड़ हो रही हैं, जिनमें स्वीपिंग मशीन, ट्रैक्टर, डंपर और एक्सवेटर शामिल हैं। यह गाड़ियां लाखों रुपए की हैं और कबाड़ होने की वजह से इनका नुकसान हो रहा है। ज्ञात हो कि निगम के पास 111 गाड़ियां हैं। इनमें 11 अग्निशमन यंत्र, 10 जेसीबी, 8 ट्रैक्टर, 10 डंपर के अलावा अन्य वाहन शामिल हैं। इनमें से कई के रिकॉर्ड भी गायब हो चुके हैं।

### गड़बड़ी की जांच अधूरी

ध्यान रहे कि इससे पहले वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद सीमा संजय सिंह ने निगम के जोन क्रमांक 2 के एक अधिकारी पर निगम की संपत्ति को कबाड़ी को बेचने का गंभीर आरोप लगाते हुए निगम कमिश्नर को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत के बाद जांच के आदेश दिए गए थे लेकिन उसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है।

### जांच करने कहा गया

निगम के दैवेभो कर्मचारियों ने वाहन शाखा में मरम्मत के नाम गड़बड़ियों की शिकायत की है। इसकी जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। यह भी जानकारी ली जा रही है कि किन गाड़ियों में समस्या है। उन्हें सुधारा जाएगा। सुपरवाइजर को रिलीव किया जा रहा है।

**- श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर

---

# एक टेंडर के इंतजार में बर्बाद हो गया एनएचएआई का रेस्ट एंड सर्विस एरिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर-रतनपुर एनएच पर मदनपुर के पास बनाया गया रेस्ट एंड सर्विस एरिया बीते दो साल से खंडहर के रूप में खड़ा है। इसके जीर्णोद्धार के लिए एनएचएआई द्वारा विगत महीनों में जल्द टेंडर कर केयरटेकर नियुक्त करने की बात कही गई थी, लेकिन आज दिनांक तक टेंडर ही प्रक्रिया में उलझकर रह गया है।

एनएचएआई द्वारा बिलासपुर से रतनपुर के बीच मदनपुर गांव में पावर ग्रिड के ठीक सामने बनाए गए रेस्ट एंड सर्विस एरिया सेंटर की दुर्गति हो चुकी है। एनएचएआई की नीतियों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों में लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को आराम देने के उद्देश्य से एक निश्चित दूरी पर रेस्ट एंड सर्विस एरिया स्थापित किया जाता है। इसी के अंतर्गत मदनपुर गांव में एनएच पर बनाए गए इस सेंटर में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। इसमें आराम करने के लिए हॉल, भोजन व्यवस्था के लिए किचन, रेस्टोरेंट, बाथरूम एवं कुछ देर टहलने के लिए गार्डन भी बनाया गया था। इस सेंटर को कुछ समय तक तो चलाया गया, लेकिन बीते दो साल से रखरखाव के अभाव में यह फिलहाल खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है। सेंटर से सारे विद्युत उपकरण चोरी किए जा चुके हैं, वहीं अब फिलहाल यहां जानवरों का कब्जा है। कुछ महीनों पूर्व एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि इसका टेंडर नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड के द्वारा दिल्ली से किया जाना है, जो कि प्रक्रिया में भी है। इसके विपरीत आज दिनांक तक टेंडर की प्रक्रिया शायद कागजों में प्रक्रिया तक ही सीमित होकर रह गई है।

■ टेंडर प्रक्रिया में होने का महीनों से झुनझुना

### टेंडर प्रक्रिया में है

जब तक टेंडर नहीं हो जाता सेंटर की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सकता। टेंडर एनएचएलएमएल द्वारा किया जाना है, जो कि प्रक्रिया में है।

**-राजेश्वर सूर्यवंशी,** मैनेजर टेक्निकल एनएचएआई

---

# शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में, टालनी पड़ी अर्धवार्षिक परीक्षाएं, अब जनवरी में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शिक्षकों की एसआईआर ड्यूटी के चलते दिसंबर में होने वाली प्राइमरी और मिडिल स्कूलों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं अब अगले साल जनवरी माह में होगी। ध्यान रहे कि तिमाही परीक्षा में स्कूल स्तर पर प्रश्न तैयार किए गए थे जबकि अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए राज्य स्तर पर प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे।

■ अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए राज्य स्तर से प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे

शीतकालीन अवकाश समाप्त होने के कुछ समय बाद विद्यार्थियों को परीक्षा देनी होगी। राज्य स्तर से मिले प्रश्नपत्र में प्रश्न के साथ ही उत्तर लिखने के लिए भी जगह होगी। प्रदेश के शासकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार छमाही परीक्षा का आयोजन दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होना था। इस बीच मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया था जिसमें काफी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। ऐसे में सरकारी स्कूलों में प्रधान पाठक के अलावा कोई नहीं था। इसलिए अर्धवार्षिक परीक्षा का समय जनवरी में कर दिया गया है।

### प्री बोर्ड परीक्षा लेने की तैयारी भी जारी

वहीं बोर्ड कक्षाओं वाले हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों की अर्धवार्षिक परीक्षा शाला स्तर पर आयोजित की जानी थी। इसलिए उक्त परीक्षा शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार हो चुकी है। 9 से 12वीं कक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा होने के बाद बोर्ड के छात्रों की अगले माह प्री बोर्ड परीक्षा लेने की तैयारी की जा रही है। उसके लिए विषय विशेषज्ञ प्रश्न तैयार करेंगे।

### स्कूलों में ही हुई थी तिमाही परीक्षा

गौरतलब है कि प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में तिमाही परीक्षा के लिए राज्य स्तर से प्रश्न-पत्र जारी नहीं किए गए थे। इसलिए उक्त परीक्षा स्कूल स्तर पर आयोजित की गई थी। इसमें ब्लैकबोर्ड में प्रश्न लिखकर बच्चों से कापियों के पन्ने से उत्तर लिखवाया गया था। अब अर्ध वार्षिक परीक्षा में पूरे राज्य के छात्रों के लिए एक बराबर पेपर जारी करने का निर्णय लिया गया है।

---

### बदमाशों पर प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई

**बिलासपुर।** कानून व्यवस्थाओं को चुनौती देते हुए असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने वाले दो आरोपियों के खिलाफ कोनी पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों पर प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। थाना क्षेत्र में शांति,कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी अनुक्रम में कोनी पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर शांति कायम,अपराध घटित होने से रोकने व आमजनों की सुरक्षा के मद्देनजर 2 बदमाशों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इस दौरान वीरेंद्र पात्रे पिता स्व रामकुशल पात्रे उम्र 41वर्ष, बादल चतुर्वेदी पिता सोनू चतुर्वेदी उम्र 18वर्ष निवासी सेंदरी थाना कोनी पर कार्रवाई की गई है।

# शराब के लिए रूपए मांगने वाले बदमाशों को पुलिस ने भेजा जेल

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए रूपए मांगने और नहीं देने पर मारपीट करने वाले बदमाशों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले पुलिस ने रतनपुर में बदमाशों का झुलुस भी निकाला और सबक सिखाया है।

मामले के अनुसार करैहापारा रतनपुर का रहने वाला विक्कू रावत अपने साथियों के साथ आकर शराब पीने के लिये मदनपुर निवासी राहुल साहू से रूपए की माँग कर रहा था, इस दौरान राहुल ने रूपए देने से मना कर दिया। जिसपर आरोपी विक्कू रावत अपने साथी के साथ राहुल के गला को गमछे से दबाकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और लात-मुक्का से मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी राहुल ने रतनपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने टीम गठित की और आरोपी विकास ऊर्फ विक्कू रावत राजेन्द्र रावत उम्र 22 वर्ष व उसके साथी हिरेन्द्र कुमार कश्यप पिता स्व कृष्ण कुमार कश्यप उम्र 32 वर्ष को चंद घंटो में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपियों को पुलिस ने सरेराह जुलुस भी निकाला है। आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है।



आरोपियों की पुलिस ने निकाली बारात।




---

नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति का मामला अटका

# शहर व जिला अध्यक्ष बदल गए पर ब्लॉक अध्यक्ष पुराने ही कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कांग्रेस संगठन में संगठन सृजन अभियान तहत चलाया गया, जिसके तहत पुराने शहर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष बदल दिए गए हैं और उनकी जगह पर नए शहर अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष की नियुक्ति हो गई है।

कांग्रेस में शहर और जिलाध्यक्ष तो बदल गए, किन्तु ब्लॉक अध्यक्ष अभी भी पुराने ही काम कर रहे हैं, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए तीन माह पहले ही पर्यवेक्षकों ने रायशुमारी कर अपनी रिपोर्ट दे दी थी। कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान तहत ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर शहर व जिलाध्यक्ष बदले जाने थे और उनकी जगह पर नई नियुक्तियां होनी थी। ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए तीन पहले सितंबर महिने में रायशुमारी और दावेदारी की प्रक्रिया हुई थी, जबकि शहर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ग्रामीण पद के लिए उसके बाद अक्टूबर माह में पर्यवेक्षक रायशुमारी करने आए थे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष पदों पर नई नियुक्ति हुए माहभर होने जा रहा है, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति अभी अटकी हुई है। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए जो पर्यवेक्षक संगठन की ओर से भेजे गए थे। पर्यवेक्षक द्वारा बंद कमरे में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित दावेदारों से रायशुमारी की थी और कई दावेदारों ने अपना बायोडाटा, आवेदन भी जमा किया था। रायशुमारी के दौरान जातिगत समीकरण पर भी ध्यान दिया गया था।

■ तीन माह पहले पर्यवेक्षकों ने की रायशुमारी

पर्यवेक्षक ने यहां अपने स्तर पर रायशुमारी करने के बाद रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी थी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी से सूची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास जाएगी और वहां से एप्रुवल के बाद नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होनी थी। लेकिन अभी तक ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति अटकी हुई है और इधर ब्लॉक अध्यक्ष पद के दावेदार नियुक्ति लिस्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### शहर चार ब्लॉकों के लिए इनकी दावेदारी

शहर अंतर्गत चार ब्लॉक है जिनमें ब्लॉक एक के अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन सहित युवा कांग्रेस गौरव दुबे दावेदार के रूप में माने जा रहे हैं। ब्लॉक दो में जूनाबिलासपुर, दयालबंद, टिकरापारा जैसे इलाका आते हैं। यहां पर वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद शुक्ला समेत शशि देवांगन, अखिलेश गुप्ता, गजेन्द्र श्रीवास्तव आदि दावेदार हैं। ब्लॉक तीन में मनोज शर्मा , सूर्यमणि तिवारी और देवेन्द्र मिश्रा, हितेश देवांगन, विकास ठाकुर आदि ने दावेदारी की है। ब्लॉक चार में रेलवे का क्षेत्र आता है और इस ब्लॉक से वर्तमान अध्यक्ष मोती थारवानी समेत जित्तू यादव, बंटी सिंह ने दावेदारी की है।

### 309 ब्लॉक अध्यक्षों की होगी नियुक्ति

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के शहर व जिला मिलाकर 41 संगठन अध्यक्ष हैं। माहभर पहले ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एप्रुवल बाद पूरे 41 संगठनों के अध्यक्ष बदले गए हैं और उनकी जगह पर नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी तरह प्रदेश में कांग्रेस संगठन 309 ब्लॉक आते हैं, जिनमें बदलाव के बाद नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होनी बाकी है।

